52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 25.6°c | अधिकतम 33.2 °c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 6:06 सूर्यास्त : 6:18 | वर्ष : 52/ अंक : 261 | शुक्रवार, 20 सितम्बर 2024 | अश्विन, कृष्ण पक्ष, तृतीया | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-04

अमृतवाणी

आज के अंधेरे में अपना वक्त बर्बाद ना करें, बल्कि कल उसको कैसे उजाले में बदलना है उस पर कार्य करें।

कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान का एजेंडा लागू करना चाहते हैं : मोदी

पाकिस्तानी चाहते हैं...हमारे यहाँ भी मोदी जैसी सरकार हो....

विभागों की ईमानदारी को बयां कर रही उजड़ी सड़कें

मुजफ्फरनगर, 19 सितंबर (बु.) जरा सी बारिश क्या हुई सड़कों ने खुद सरकारी कार्यों की गाथा बयां कर दी। किसी भी सड़क से गुजर जाओ तो कोई भी सड़क ऐसी नहीं है, जो उजड़ी हुई न नजर आती हो। हालांकि सड़कों के नाम पर पहले से ही नगर उजड़ा-उजड़ा दिखाई देता है, मगर पिछली दो दिन की बारिश ने सरकारी विभागों में हो रही मिलावट की पूरी दास्तां को बयां कर रखा है। कोई सड़क चार तो कोई छह महीने पहले बनी है, मगर हाल सबका एक जैसा ही दिखाई दे रहा है। नगर के मुख्य चौराहे महावीर चौक का ही हाल देखें तो हजारों लोग इस रास्ते से गुजरते हैं मगर सड़क की दुर्दशा ऐसी हो गयी है, जैसे उक्त सड़क न जाने कितने साल पहले बनाई गयी हो। यही नजारा गांधी कॉलोनी से सटे लिंक रोड का, गांधी कॉलोनी के निकट बिजलीघर के पास का, सिविल लाइन थाने के समीप का भी यही नजारा है। इसके अलावा सरकुलर रोड, खालापार, रेलवे रोड, रुडकी रोड का भी यही हाल है। अंसारी रोड की चर्चा करना तो इसलिए बेकार है क्योंकि उक्त सड़क का बजट पास हो चुका है और जब सांसदी के चुनाव के दौरान चुनावी सड़कें बनीं थी, तब यह सड़क नहीं बन पाई थी। आम जनता व समाचार पत्रों द्वारा जब जोर शोर से अंसारी रोड की सड़क का मुद्दा उठाया गया तो चुनाव होने के बाद उक्त सड़क का बजट भी पास कर दिया गया। मगर सवाल यह है कि क्या नगर में ऐसी ही सड़कें बनकर जनता को सौंपी जाएगी, जिनकी मियाद सिर्फ चार छह महीने ही होगी। मुख्यमंत्री के आदेशों को तो लगातार पहले भी मुजफ्फरनगर में पलीता लगता ही रहा है, सड़कें बनना तो दूर यहां तो दस दस साल तक गड्ढे भराई के काम भी बस दिखावे मात्र को ही हुए हैं। ऐसे में नगर की जनता यही सवाल पूछती दिखाई देती है कि मोदी योगी के विकास को क्या इसी तरह नेता और विभाग मिलकर बट्टा लगाते रहेंगे।

▶ पूछ रही जनता ऐसा क्या मिलाते हैं, जो मामूली बारिश में ही विकास बह जाता है

लिंक रोड

नवीन मण्डी

सिविल लाइन थाने के समीप

गांधी कॉलोनी

शाहपुर क्षेत्र के काकड़ा में सड़क हादसा, 18 वर्षीया युवती बाइक से उछलकर गिरी, मौत

शाहपुर, 19 सितम्बर (बु.)। क्षेत्र के गांव काकड़ा में बाइक सवार एक 18 वर्षीय युवती की बाइक से उछलकर सड़क पर गिरकर मौत हो गई। बागपत जनपद के गांव पलड़ा निवासी सलीम अपनी 18 वर्षीय पुत्री शबाना के अलावा दो अन्य बच्चों के साथ पुरकाजी स्थित अपनी रिश्तेदारी से अपने गांव वापस लौट रहा था। उसने बताया कि जब वह गांव काकड़ा से आगे निकला तो उसकी बाइक का पहिया किसी गड्ढे में गिर गया। जिसके चलते बाइक पर पीछे बैठी उसकी पुत्री शबाना उछलकर नीचे सड़क पर गिर पड़ी और उसका सिर सड़क पर लगा जिससे वह घायल हो गई। पीछे बैठी उसकी छोटी बहन इरम व उधर से जा रहे राहगीरों ने शोर मचाया, जिसके बाद युवती का पिता बाइक को रोककर उसके पास पहुंचा। युवती के पिता व राहगीरों ने इसी दौरान उधर से आ रही एक एम्बुलेंस को रोककर उससे घायल युवती को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने युवती को मृत घोषित कर दिया। मृतक युवती के पिता ने घटना की सूचना परिजनों को दी। सूचना पर परिजन अस्पताल पहुंचे। घटना से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया। सूचना पर पुलिस अस्पताल पहुंची, किंतु परिजनों ने पुलिस से कोई भी कार्यवाही करने से मना कर दिया।

अनियंत्रित डीसीएम ने बाइक सवार को कुचला

मुजफ्फरनगर, 19 सितंबर (बु.) सड़क दुर्घटनाओं का ग्राफ लगातार बढ़ता ही जा रहा है, ऐसे में तितावी थाना क्षेत्र की बघरा सीमा पर हाईवे मार्ग पर देर शाम एक डीसीएम चालक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी और बाइक सवार को पूरी तरह से कुचल दिया। कुचले जाने के बाद युवक के पैरों का मांस सड़क पर बिखर गया और प्रत्यक्षदर्शियों ने उक्त मार्मिक दृश्य को देखकर चारों ओर पर्दा कर दिया क्योंकि कुचले जाने के बाद युवक को देख पाने की हिम्मत किसी की नहीं हो रही थी। उक्त पूरा मामला अमीरनगर फ्लाई ओवर के नीचे का था। बाइक सवार की पहचान राजू पुत्र मिट्ठन निवासी रामपुर के रूप में हुई। समाचार लिखे जाने तक डीसीएम चालक घटना को अंजाम देकर फरार हो चुका था मगर दर्दनाक हादसे के बाद लोगों की भारी भीड़ वहां पर जमा थी और आरोपी डीसीएम चालक को तुरन्त पकड़ने की मांग कर रही थी।

भू-धंसाव से जूझ रहे ज्योतिर्मठ शहर के नीचे सक्रिय हुआ भूस्खलन

ज्योतिर्मठ (चमोली), 19 सितंबर (एजेंसी)। भू-धंसाव से जूझ रहे उत्तराखंड के ज्योतिर्मठ नगर पर अब भूस्खलन का खतरा मंडराने लगा है। नगर के नीचे विष्णुप्रयाग की तरफ तेजी से भूस्खलन हो रहा है। जिस तरह से भूस्खलन का दायरा बढ़ रहा, उससे नगर के ऊपर नई मुसीबत खड़ी हो सकती है। ज्योतिर्मठ के नीचे विष्णुप्रयाग में धौली गंगा के ऊपर पिछले दो-तीन दिनों में तेजी से भूस्खलन हो रहा है। यहां पर 2021 की रैणी आपदा के समय भी भूस्खलन हुआ था, लेकिन इस बार बरसात में यह काफी तेज हो गया है। लगातार मलबा नदी में गिर रहा है। यही नहीं यहां नए भूस्खलन जोन भी तैयार हो रहे हैं।

यशवीर महाराज 21 सितंबर को महापंचायत करेंगे

थानाभवन, 19 सितंबर (बु.)। स्वामी यशवीर महाराज के द्वारा थानाभवन में स्थित मंदिरों के आसपास खुले मीट के होटलों को बंद कराने की 21 सितंबर को चेतावनी दी गई थी। उसको लेकर हिंदू संगठनों एवं यशवीर महाराज शुक्रवार को दयाल आश्रम एवं थानाभवन क्षेत्र में आंदोलन को लेकर एक बैठक करेंगे। इसमें बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की उम्मीद जताई जा रही है।

मंदिरों के पास बिक रहे मीट के होटल को बंद करने की मांग

शामली जनपद के थानाभवन कस्बे में आश्रम पंचतीर्थी, संत रविदास मंदिर, अमर हरि सनातन शिव मंदिर और थाने में स्थित मंदिर के आसपास नॉनवेज होटलों एवं ठेली लगाकर अंडा मीट व अन्य मांस की बिक्री की जाती है। जिसको लेकर स्थानीय लोगों ने नाराजगी जाहिर की थी। लोगों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए स्वामी यशवीर महाराज आश्रम बघरा ने 21 तारीख में थानाभवन पहुंचकर मीट के होटल को बंद करने की घोषणा जारी की थी। वहीं हिंदू संगठन के लोगों ने भी थाना प्रभारी को पत्र देकर मंदिरों के खुले मीट के होटल को बंद करने की मांग की थी, लेकिन थानाभवन पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न करने के कारण 21 तारीख से पहले शुक्रवार के दिन दयाल आश्रम में हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं एवं यशवीर महाराज के द्वारा एक बैठक का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें लोगों से मंदिरों के पास मीट के होटल को बंद कराने के लिए रणनीति तैयार की जाएगी। स्वामी यशवीर महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि 21 तारीख को हम लोग हिंदू वीर और वीरांगनाओं के साथ थानाभवन में मंदिरों के पास खुले होटलों को लेकर धरना प्रदर्शन करेंगे और महा पंचायत करेंगे। धरना प्रदर्शन तब तक चलता रहेगा जब तक ऐसे होटलों को बंद नहीं किया जाएगा। दयाल आश्रम में बैठक के बाद क्षेत्र के मानपुर, भनेड़ा, मादलपुर, नोजल, रसीदगढ़, ख्यावड़ी, उमरपुर, यारपुर, खेड़ा गदाई, मनट मंटी, जाफरपुर, हसनपुर लुहारी, लतीफगढ़ आदि गांव में लोगों से जनसंपर्क किया जाएगा।

शामली के 50 किसान बोले-साहब हम मरे नहीं, जिंदा हैं

शामली, 19 सितंबर (बु.)। गन्ना समिति के डेलीगेट चुनाव का बिगुल बज चुका है। डेलीगेट चुनाव के लिए शामली क्षेत्र के 50 से अधिक किसानों को मतदाता सूची में मृत दिखाते हुए नाम काट दिए। पता चलने पर भाकियू कार्यकर्ता और किसान शामली समिति कार्यालय पर पहुंचे और डीसीओ, सचिव का घेराव करते हुए जमकर हंगामा किया। साथ ही धरना भी दिया। डीसीओ ने जांच के आदेश दिए। किसानों की मांग पर सूची को बोलकर किसानों से सत्यापन कराया गया। बृहस्पतिवार को भाकियू टिकैत के जिलाध्यक्ष कालेंद्र सिंह मलिक और प्रदेश महासचिव धीरज लाटियान, जिला उपाध्यक्ष अमरदीप लाटियान के नेतृत्व में तितावी क्षेत्र के बुडीना कलां और अन्य गांव के किसान शामली गन्ना सहकारी समिति कार्यालय पर पहुंचे और हंगामा किया। आरोप लगाया कि जिंदा किसानों को भी मतदाता सूची में मृत दर्शा दिया गया। किसानों ने समिति के सचिव ओमप्रकाश सिंह और डीसीओ रणजीत सिंह कुशवाहा को मौके पर बुलाकर घेराव किया और धरने पर बैठ गए। किसानों के अनुसार शामली गन्ना सहकारी समिति के डेलीगेट चुनाव आगामी तीन अक्तूबर, डायरेक्टर चुनाव 16 अक्तूबर, उपसभापति और सभापति के चुनाव 17 अक्तूबर को होंगे। आरोप है कि डेलीगेट के चुनाव के लिए 50 से ज्यादा जिंदा किसानों को मृत बताते हुए मतदाता सूची से नाम काट दिए हैं।

प्याज के लिए कत्ल, नाबालिगों ने आखिरी सांस तक सीने पर किए ताबड़तोड़ वार

नई दिल्ली, 19 सितंबर (एजेंसी)। बाहरी दिल्ली के नरेला थाना क्षेत्र में एक सब्जी विक्रेता की चाकू गोदकर हत्या कर दी गई। प्याज बेचने से मना करने पर नाबालिगों ने यह खौफनाक कदम उठाया। मृतक शख्स के भाई को भी नाबालिगों ने बुरी तरह पीटा जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर पांच नाबालिगों को पकड़ लिया है। पुलिस आगे की जांच कर रही है। मृतक आकाश परिवार के साथ टिकरी खुर्द में रहता था। मृतक के घायल भाई की पहचान विकास के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि घायल विकास ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह टिकरी खुर्द के पास सब्जी की दुकान लगाता है।

गांव बसधाड़ा में मकान की कच्ची छत गिरी, दम्पति सहित तीन बच्चे घायल

शाहपुर, 19 सितम्बर (बु.)। क्षेत्र के गांव बसधाड़ा में बीती रात एक मकान के कमरे की कच्ची छत गिरने से उसके मलबे में पति-पत्नी सहित तीन बच्चे दबकर घायल हो गए। घायलों को कस्बे के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

क्षेत्र के गांव बसधाड़ा निवासी बिजेंद्र पत्नी रेखा के अलावा तीन बच्चों प्रियांशी नौ वर्ष, कार्तिक आठ वर्ष व शंकर पांच वर्ष के साथ कमरे में सो रहा था। देर रात अचानक भरभरा कर कमरे की छत गिर गई, जिसके मलबे में पति-पत्नी सहित तीनों बच्चे दब गए। बिजेंद्र ने बताया कि किसी तरह वह मलबे में से बाहर निकाला और शोर मचाया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और मलबे में दबे उसकी पत्नी तथा तीनों बच्चों को मलबे से बाहर निकाला। घायल पति पत्नी व तीनों घायल बच्चों को कस्बे के एक निजि अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार चल रहा है। मलबे में दबकर कमरे में रखा हजारों रुपये का सामान खराब हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि गत दिवस हुई बारिश से उसके कमरे की कच्ची छत गिरी है। सुबह ग्रामीणों ने इसकी सूचना गांव प्रधान को दी। सूचना गांव प्रधान दिलशाद त्यागी मौके पर पहुंचे और उन्होंने घटना के संबंध में उप जिलाधिकारी खतौली मोनालिसा जोहरी व बीडीओ शाहपुर राजीव कुमार को अवगत कराया। इसके बाद खतौली तहसील से गांव के लेखपाल मौके पर पहुंचे और जानकारी लेने के साथ मौका मुआयना किया। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित का प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत मकान बनवाने के साथ मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है।

मुजफ्फरनगर में डीएम रह चुके पूर्व आईएएस मोहिंदर के घर से सात करोड़ के हीरे मिले

लखनऊ, 19 सितंबर (एजेंसी)। सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी व नोएडा अथॉरिटी के पूर्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी रहे मोहिंदर सिंह के चंडीगढ़ स्थित आवास से प्रवर्तन निदेशालय ने सात करोड़ रुपये के हीरे बरामद किए गए हैं। ईडी ने नोएडा की रियल एस्टेट कंपनी हैसिंडा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड के दिल्ली, नोएडा, चंडीगढ़, मेरठ और गोवा स्थित ठिकानों पर मंगलवार को छापा मारा था, जिसमें मोहिंदर सिंह का आवास भी शामिल था। सूत्रों के मुताबिक इस प्रकरण में ईडी नोएडा अथॉरिटी के तत्कालीन अधिकारियों की भूमिका भी जांच रही है। मोहिंदर सिंह को बसपा सरकार के खास अफसरों में शुमार किया जाता था। वहीं, हैसिंडा के साझीदारों में शामिल मेरठ निवासी आदित्य गुप्ता और आशीष गुप्ता के पांच ठिकानों पर छापा मारा गया था। उनका शारदा एक्सपोर्ट के नाम से कालीन का कारोबार है। इस दौरान आदित्य गुप्ता के आवास से पांच करोड़ रुपये के हीरे बरामद हुए हैं। इस तरह छापों में करीब एक करोड़ रुपये नकद, 12 करोड़ रुपये के हीरे, सात करोड़ रुपये कीमत के सोने के जेवरात और कई संदिग्ध दस्तावेज बरामद किए गए हैं। आदित्य और आशीष ने नोएडा में बुलेवार्ड नाम से रिहायशी अपार्टमेंट का निर्माण किया है, जो अब ईडी की जांच के दायरे में है।

आक्रोशित भीड़ ने पुलिस के सामने ढहाई विवादित मजार

पुनर्निर्माण का विरोध, सीओ से धक्कामुक्की, शिवलिंग रखकर पूजा

शाहजहांपुर, 19 सितंबर (एजेंसी)। जिले के सिंधौली के गांव सहोरा में विवादित स्थान पर मजार के पुनर्निर्माण के विरोध में बृहस्पतिवार को जुटी भीड़ ने हंगामा करने के बाद उसे फिर ढहा दिया। इसके चलते स्थिति तनावपूर्ण हो गई। सीओ से भी लोगों ने धक्कामुक्की कर दी। वहां भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

सहोरा गांव के बाहर मंदिर के पास में आठ-दस साल पहले मजार बना ली गई थी। तब भी दोनों पक्षों में तनातनी हो गई थी। इसके बाद से ही पुलिस ने दूसरे समुदाय के भीड़ एकत्रित करने पर प्रतिबंध लगा दिया था। पिछले दिनों किसी व्यक्ति ने मजार में झालर लगा दी थी। मंगलवार को लोगों की नजर पड़ी तो उन्होंने विरोध जताते हुए पुलिस को सूचना दी। सिंधौली थाने के इंस्पेक्टर धर्मेंद्र गुप्ता ने पहुंचकर सजावट को हटवा दिया था। बुधवार को उस मजार को क्षतिग्रस्त कर कुछ लोगों ने शिवलिंग को स्थापित कर दिया। सूचना पर भीड़ इकट्ठा हो गई। तनाव फैलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों पक्षों को समझाया गया। गांव के रियाजुद्दीन की तहरीर पर पुलिस ने नेवाराम और गांव के अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। मौके पर पुलिस भी तैनात की गई थी। बुधवार रात में ही मजार की मरम्मत कराते हुए वहां दीवार उठा दी गई और उसके चारों ओर लोहे के कंटीले तार भी लगा दिए गए। बृहस्पतिवार सुबह जब आसपास के लोगों ने मजार का पुनर्निर्माण देखा तो वे भड़क गए। हिंदू संगठनों नेताओं के साथ आसपास के गांव के सैकड़ों लोग लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पुवायां के सीओ पंकज पंत और एसडीएम संजय पांडेय भी आ गए। आक्रोशित भीड़ को समझाने का प्रयास किया। इस दौरान सीओ से धक्कामुक्की भी की गई। एडीएम प्रशासन संजय पांडेय और एसपी ग्रामीण मनोज अवस्थी ने भी लोगों को समझाने का प्रयास किया। इस बीच आक्रोशित भीड़ ने निर्माण ढहा दिया। इसके बाद वहां पर लोगों ने नारेबाजी करते हुए शिवलिंग रखकर पूजा-अर्चना शुरू कर दी। एडीएम प्रशासन संजय कुमार पांडेय ने बताया कि पूरे मामले की जांच पुवायां के एसडीएम और सीओ को सौंपी गई है। रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मौके पर शांति व्यवस्था कायम है।

जहां होना चाहिए महापुरुषों का तिराहा, वहां बना है कूड़ा स्मारक

मुजफ्फरनगर, 19 सितम्बर (बु.)। नगर का एक ऐसा तिराहा जहां से ग्रामीण क्षेत्र के हजारों लोग प्रतिदिन निकलते हैं और कूड़ा स्मारक के दर्शन करते हैं। सुनने में तो यह बात अजीब लग रही होगी, मगर है सच ही, दरअसल शामली स्टैण्ड से पहले बघरा तांगा स्टैण्ड के नाम से एक स्थान प्रसिद्ध था, हालांकि आज भी पुराने लोग इसे बघरा तांगा स्टैण्ड के नाम से ही जानते हैं, पूर्व में नगरपालिका द्वारा आसपास के लोगों के कहने पर ही यहां एक कूड़ा घर बना दिया गया था, हालांकि उक्त कूड़ा घर साफ सुथरे तरीके से स्टेनलेस स्टील के बॉक्स बनाकर बनाया गया था। मगर उक्त बॉक्स का कोई इस्तेमाल ही नहीं करता और उसके चारों और गंदगी के अम्बार लगे रहते हैं। इसी रोड से ग्रामीण क्षेत्रों जिला शामली, तितावी, चरथावल, बुढ़ाना, शाहपुर आदि के लोग खरीददारी करने के लिए शहरों में जब भी आते हैं तो यह गन्दगी उन्हें तो देखने को मिलती ही है, साथ ही साथ आसपास के लोग इस गन्दगी से निजात पाना चाहते हैं और उनकी इच्छा है कि जब शहर के सभी चौराहे और तिराहे महापुरुषों की प्रतिमा से सजे धजे हैं तो सिर्फ एक ही तिराहा मुजफ्फरनगर की शोभा क्यों कम कर रहा है। स्थानीय लोगों ने इस बात को लेकर नगरपालिका, मंत्री आदि सबके यहां गुहार लगाई हुई है और वे इस आस में बैठे हैं कि किसी तरीके से यह तिराहा कूड़ा मुक्त हो और आने जाने वालों को भी यह अहसास हो कि उक्त तिराहा अब किसी महापुरुषों के नाम से जाना जायेगा।

▶ नगर पालिका से अनुरोध इस ओर ध्यान दे

एपीजे अब्दुल कलाम, अब्दुल हमीद के नाम पर भी शहर में कोई तिराहा नहीं

मुजफ्फरनगर। उक्त तिराहे का अगर नगरपालिका उद्धार करती है तो यह भी ध्यान में रखे कि इस शहर में दिवंगत राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम की कोई प्रतिमा स्थापित नहीं है। ठीक इसी तरह से वर्ष 1971 की लड़ाई में अपनी जान देश के लिए देने वाले वीर अब्दुल हमीद के नाम पर भी मुजफ्फरनगर में कोई तिराहा अथवा चौराहा नहीं है। ऐसे में यदि इस तिराहे का उद्धार ऐसे किसी महापुरुष के नाम पर हो जाये तो बेहतर होगा। दिवंगत राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम एक निर्विवादित राष्ट्रपति रहने के साथ साथ सर्वधर्म के लिए एक मिसाल थे। साइंटिस्ट होने के साथ साथ उनकी सादगी के चर्चे जन जन से लेकर उनके करीबी लोगों तक रहे हैं। ऐसे में उनके नाम से यदि यह स्मारक बनता है तो वास्तव में यह गर्व की बात होगी।

अधिवक्ताओं के साथ अभद्रता व धमकी

जानसठ, 19 सितम्बर (बु.)। तहसील गेट के सामने पानीपत-खटीमा हाईवे मार्ग पर कचहरी परिसर के सामने बाइक की साइड कार में लगने पर बचाव करने पहुंचे अधिवक्ताओं के साथ कार सवार युवकों ने अभद्रता कर धमकी दी। बृहस्पतिवार को दोपहर के समय मीरापुर की ओर से आ रही स्विफ्ट कार में बाइक की साइड लग गई। कार में साइड लगने पर कार सवार युवकों ने बाइक चालक को पकड़ लिया और बाइक सवार के साथ अभद्रता करने लगे। कचहरी परिसर में तैनात कुछ अधिवक्ता बीच-बचाव करने मौके पर पहुंचे, तो कार सवार युवकों ने अधिवक्ताओं के साथ अभद्रता करते हुए धमकी दे दी। मौके पर भारी संख्या में भीड़ इकट्ठा हो गई, तभी अधिवक्ताओं द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर बार संघ के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप गर्ग व वर्तमान सचिव दीपेश गुप्ता सहित दर्जनों अधिवक्ताओं ने मौके पर युवक को पकड़ लिया। अधिवक्ताओं के बीच अपने आप को फंसा हुआ देखकर अधिवक्ताओं से माफी मांगने लगा। सूत्रों से मिली जानकारी के गांव चुड़ियाला निवासी अतीकउल्ला पुत्र जरूर के खिलाफ थाना मीरापुर व थाना जानसठ में मुकदमे पंजीकृत हैं। उक्त युवक दबंग प्रवृत्ति का बताया जा रहा है। उक्त युवक के साथ अन्य तीन युवक भी बताई जा रहे थे, जो कार लेकर मुजफ्फरनगर की ओर चले गए।

चेयरपर्सन ने मारा नगरपालिका में छापा, परखी दफ्तर व्यवस्था

– अफसरों व कर्मियों के नदारद होने की शिकायतों पर निरीक्षण

मुजफ्फरनगर, 19 सितम्बर (बु.)। पालिका के कार्य व्यवहार में जीरो टोलरेंस नीति के बीच में मिल रही शिकायतों का संज्ञान लेते हुए गुरूवार दोपहर बाद नगर पालिका मुख्यालय पर छापा मार चेयरपर्सन ने व्यवस्थाएं परखी। इस दौरान उन्होंने पालिका के सभी दफ्तरों में पहुंचकर अफसरों और कर्मियों की उपस्थिति को परखा, वहीं जन्म-मृत्यु पटल पर शपथ पत्र आधारित प्रमाण पत्र के जारी होने को लेकर मिली शिकायतों पर नाराजगी जताते हुए सम्बंधित कर्मचारियों को कार्य के प्रति पूर्ण जिम्मेदार रहने की हिदायत दी। उन्होंने अपने पटलों से नदारद मिले कुछ कर्मियों को भी चेतावनी दी। नगरपालिका में कई दिनों से कुछ अफसरों व कर्मियों के अपने दफ्तरों से गुम रहने की शिकायतों पर चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने गुरुवार दोपहर बाद कई सभासदों के साथ पालिका पहुंची, जिससे वहां कर्मियों में हड़कप मच गया। इस बीच चेयरपर्सन ने कार्यालयों का औचक निरीक्षण करने के साथ कर्मियों की उपस्थिति परखी और नदारद मिले कर्मचारियों के संबंध में विभागाध्यक्षों से रिपोर्ट तलब की। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि ड्यूटी के प्रति किसी

कर्मचारी की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। पब्लिक डीलिंग वाले पटलों पर कर्मियों की उपस्थिति अनिवार्य की है, ताकि लोगों को अपने कार्य के लिए भटकना न पड़े। आदेशों की अवहेलना करने वाले कर्मचारियों पर कार्यवाही करने के लिए कहा। इस दौरान वो जन्म मृत्यु पटल पर भी पहुंची और शपथ पत्र वाले प्रकरणों के निस्तारण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिये कि नगर पालिका में अनावश्यक रूप से किसी भी आवेदक को परेशान न किया जाये। यदि भ्रष्टाचार की बात सामने आई तो कार्यवाही से गुरेज नहीं किया जायेगा। इस दौरान उन्होंने शपथ पत्र जन्म व मृत्यु पटल लिपिक को निर्देश देते हुए कहा कि जो लम्बित प्रकरण हैं, उनको समयावधि में निस्तारित कराकर प्रमाण पत्र जारी कराने का काम करें। निरीक्षण के दौरान मुख्य रूप से सभासदपति युवा भाजपा नेता विकल्प जैन, भाजपा सभासद राजीव शर्मा, मनोज वर्मा, सभासद शौकत अंसारी, अन्नू कुरैशी समेत अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

बैंककर्मी से लूट के आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेजा

जानसठ, 19 सितम्बर (बु.)। पुलिस ने बंधन बैंक के कर्मचारी से हुई लूट के आरोपित को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया। उससे लूट में इस्तेमाल किया तमंचा, लूटी गई रकम और बैंक के कागज बरामद किया है। बृहस्पतिवार को पुलिस ने गांव खिरवा जलालपुर थाना सरधना जनपद मेरठ निवासी गुलजार पुत्र जहीर को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि उसने सात अगस्त की दोपहर को गांव भलेड़ी के पास स्थित बंधन बैंक की शाखा के कलेक्शन एजेंट थाना तितावी क्षेत्र के गांव अलीपुर खुर्द निवासी परविंदर कुमार से तमंचे के बल पर 60 हजार रुपयों की नगदी से भरा बैग और मोबाइल लूट लिया था। लूट का विरोध करने पर बैंक कर्मचारी को दाहिनी जांघ में गोली मार कर घायल कर दिया था। थाना प्रभारी लक्ष्मण वर्मा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के गांव बसायच के पास से गुलजार को गिरफ्तार किया गया है। उससे घटना में प्रयोग किया तमंचा, लूटे गए पांच हजार रुपए और बैंक के कागज बरामद किये है। तीनों सामान बरामद कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया है।

तारीख गवाह है

आज का इतिहास

नयी दिल्ली,19 सितंबर (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 20 सितंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएं इस प्रकार है- **1388**-दिल्ली के सुल्तान फिरोज़ तुगलक तृतीय का निधन। **1831**-भाप से चलने वाली पहली बस बनाई गयी। **1856**-भारत के महान संत एवं समाज सुधारक श्री नारायण गुरु का जन्म। **1857**-अंतिम मुगल बादशाह बहादुर शाह ज़फर ने आत्मसमर्पण किया। कैदी बनाकर लाल किले लाए गए। **1878**-मद्रास के अखबार द हिंदू के साप्ताहिक संस्करण का प्रकाशन शुरू। जी. एस. अय्यर इसके संपादक थे। **1911**-भारतीय आध्यात्मिक नेता श्रीराम शर्मा आचार्य का जन्म। **1927**-भारतीय स्वतंत्रता सेनानी मोहम्मद बरकतउल्ला का निधन। **1942**-भारतीय क्रिकेटर राजिंदर गोयल जिन्होंने क्रिकेट में एक गेंदबाज़ के रूप में अपनी ख़ास पहचान बनाई का जन्म। **1995**-संयुक्त राज्य महासभा का 50वाँ अधिवेशन प्रारम्भ। **1999**-तमिल सिनेमा की स्वप्न सुंदरी नाम से विख्यात अभिनेत्री राजकुमारी का निधन। **2000**-क्लिंटन दम्पत्ति 'हाइट वाटर कांड' के आरोपों से मुक्त। **2001**-अमेरिका ने 150 लड़ाकू विमान खाड़ी में उतारे। **2006**-ब्रिटेन के रॉयल बॉटैनिक गार्डन्स के वैज्ञानिकों को 200 वर्ष पुराने बीज उगाने में कामयाबी मिली। **2009**-हिन्दी भाषा की लब्ध प्रतिष्ठित उपन्यासकार, कवयित्री तथा नारीवादी चितक तथा समाज सेविका प्रभा खेतान का निधन। **2012**-भारत की राजभाषा हिंदी दुनिया में दूसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है। बहुभाषी भारत के हिंदी भाषी राज्यों की आबादी 46 करोड़ से अधिक है। **2017**-हिन्दी सिनेमा में सन 1950-60 की प्रसिद्ध अभिनेत्री शकीला का निधन। **2018**-भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली और विश्व चैंपियन भारोत्तोलक मीराबाई चानू को राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार देने की घोषणा। **2021**-भारतीय अखाड़ा परिषद के प्रमुख महंत नरेंद्र गिरी का संदिग्ध परिस्थितियों में निधन। **2021**-चरणजीत सिह चन्नी पंजाब के 16वें मुख्यमंत्री बने।

आपका आज का राशिफल

शुक्रवार, 20 सितम्बर, 2024

मेष- व्यावसायिक पक्ष में उपस्थित व्यवधान समाप्त, मनोबल से कार्यसिद्धि, शुभ भावनाओं का उदय होने से आत्मिक शांति, दूर समीप की यात्रा का प्रयास सार्थक।

वृषभ- जटिल समस्याओं का संतोषजनक समाधान, नवयोजना प्रगति पर, नौकरी में प्रोन्नति या स्थानान्तरण विषयक मसला हल, मनोरंजन की ओर प्रवृत्ति से खुशी।

मिथुन- शारीरिक सुख, कार्य-प्रगति की दिशा में प्रयास, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, पारिवारिक सौहार्द, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर, प्रसन्नता।

कर्क- व्यावसायिक पक्ष में निराशा, आहार-विहार की अनियमितता से स्वास्थ्य प्रभावी, घरेलू समस्याओं से मन अशान्त, बात-बात पर क्रोध, मित्रों-प्रियजनों से मतभेद।

सिंह- परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, व्यक्तिगत समस्या का संतोषजनक समाधान, विरोधियों का वर्चस्व में कमी, आपसी सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, यात्रा का प्रसंग।

कन्या- स्वास्थ्य में अनुकूलता किसी योजना की पूर्त हेतु प्रयत्नशील, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, आपसी सौहार्द, अध्यवसाय की ओर रुझान, मौजमस्ती के निमित्त व्यय।

तुला- आज दिन 7/56 बजे तक प्रतिकूलता, पुरुषार्थ में अरुचि, वैवाहिक अड़चनें, मन अशांत, शेष समय में स्वास्थ्य में सुधार, शुभ भावनाओं का उदय, धन की प्राप्ति।

वृश्चिक- संकल्प-विकल्प की स्थिति, आरोग्य सुख में कमी, परिवार में अशांति, विरोधी प्रभावी, आय की तुलना में व्यय की अधिकता, परीक्षा में असफलता।

धनु- परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, मनोवांछित सफलता का सुअवसर प्राप्त, मान सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न, वरिष्ठजनों की सलाह लाभदायक, सुख के साधन सुलभ।

मकर- विचाराधीन योजना मूर्तरूप में परिणित, व्यापारिक उन्नति, किसी पुरातन विवाद का निर्णय पक्ष में, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, मनोविनोद सुलभ, मन में खुशी।

कुम्भ- नौकरी में प्रोन्नति या स्थानान्तरण विषयक मसला हल, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क का सुपरिणाम प्राप्त, राजकीय पक्ष से लाभान्वित, नवसमाचार प्राप्ति से प्रसन्नता।

मीन- प्रगति में अवरोध, विचारित योजना अधूरी, वाद-विवाद से तनाव, कार्य व्यवसाय अर्थ-पक्ष में निराशा, मानसिक बेचैनी, वाहन से चोट-चपेट दुर्घटना की आशंका।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

राहुल गांधी के खिलाफ अब सिक्ख समाज में रोष

- सिख फॉर नेशन ने लगाया आरोप, कार्यवाही की मांग

मुजफ्फरनगर, 19 सितम्बर (बु.)। सिक्ख फॉर नेशन संगठन ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर सार्वजनिक स्तर पर समाज को अपमानित करने के आरोप लगाते हुए गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपते हुए उनके विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग की। सिक्ख फॉर नेशन संगठन के पदाधिकारी गुरुवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम सिटी मजिस्ट्रेट विकास कश्यप को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सिक्ख समाज ने आरोप लगाते हुए कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने जिस प्रकार विदेश में सिख समाज का अपमान किया है एवं उनकी राष्ट्रभक्ति पर प्रश्न चिन्ह खड़े किए जा रहे हैं वह स्थिति अत्यंत दुखद एवं समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली है। सिक्ख समाज अनादि काल से राष्ट्रभक्ति एवं देश के लिए कुर्बानियां देने के लिए जाना जाता है इनके द्वारा दिए विदेश में बयान से सिक्ख समाज में रोष व्याप्त है यह सीधा हमारे शहीदों का अपमान किया गया है। कांग्रेस अभी तक भी सन 1984 की मानसिकता से बाहर नहीं आई है एवं उनके द्वारा अपने इस चरित्र को दोबारा दोहराया जा रहा है। राष्ट्रपति से इस विषय पर संज्ञान लेकर कांग्रेस पार्टी एवं राहुल गांधी के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने, कांग्रेस की राष्ट्रीय दल के रूप में मान्यता व सांसद राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त करने की कार्रवाई की मांग की। इस दौरान मुख्य रूप से अमरजीत सिंह गंभीर, मनिन्दर सिंह, गोपाल चौधरी, गुरभेष सिंह, हरिमोहन शर्मा व राजकुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

लापता युवती का नही लगा सुराग बरामदगी को शुरू हुआ पंचायतों का दौर

भोपा, 19 सितम्बर (बु.)। गांव खाईखेड़ा से अपहृत नाबालिग युवती का तीन दिन बाद भी सुराग नहीं लगा है। परिजन अनहोनी की आशंका जताते हुए युवती की शीघ्र बरामदगी की मांग कर रहे हैं। वहीं युवती की बरामदगी की मांग को लेकर गांव में पंचायतों का दौर शुरू हो गया है। ककरौली थाना क्षेत्र के गांव खाईखेड़ा निवासी व्यक्ति की 16 वर्षीय पुत्री सोमवार की देर रात उस समय गायब हो गयी थी, जब परिवार के सदस्य सोए हुए थे। परिजनों ने युवती को बहकाकर अपहरण कर ले जाने वाले अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। मामला दो सम्प्रदाय से जुड़ा होने के कारण गांव में तनाव बना हुआ है, वहीं नाबालिग युवती की बरामदगी की मांग को लेकर गांव में पंचायतों का दौर शुरू हो गया है। तीन दिन बीत जाने पर पर भी युवती की बरामदगी न होने से रोष पनपने की आशंका पैदा हो गई है। थाना प्रभारी निरीक्षक नोवेन्द्र सिंह सिरोही ने बताया कि युवती को बरामद करने के प्रयास लगातार जारी हैं। शीघ्र युवती को बरामद कर लिया जायेगा।

आवारा गौवंश, बंदरो व कुत्ते पकड़वाने की मांग

मुजफ्फरनगर, 19 सितम्बर (बु.)। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की नगर इकाई ने व्यापारी नेता व प्रदेश मंत्री संजय मित्तल के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने नगरीय क्षेत्र में आवारा गौवंशों, बंदरों एवं कुत्तों के बढ़ते आतंक से मुक्ति दिलाए जाने की मांग की। इनके आक्रमण से भयभीत लोगों को राहत दिलाने की खातिर व्यापार मंडल ने डीएम को सौंपे ज्ञापन में पूर्व में हुई घटनाओं का हवाला देते हुए राहत की मांग की। गुरूवार को अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के नगराध्यक्ष जयपाल शर्मा के नेतृत्व में डीएम से मिले व्यापारियों ने आवारा गौवंश, बंदरों व कुत्तों से होने वाली हानि, हमलों व दुर्घटनाओं की ओर अधिकारियों का ध्यान दिलाते हुए इनसे मुक्ति के प्रयास कराए जाने की मांग की। बंदरों द्वारा छतों पर फैले कपड़े फाड़ने व आवारा कुत्तों द्वारा राहगीरों को काटे जाने के साथ सड़कों पर आवारा गाय व सांड घूमने से होने वाली परेशानी की ओर भी ध्यान दिलाया। व्यापारियों ने उक्त गौवंश को काऊ सेंचुरी में पकड़कर भिजवाए जाने की मांग की। इस दौरान राजेन्द्र सिंघल, महेश चौहान, प्रमोद त्यागी, धारा सिंह पाल, अंशुमान अग्रवाल, राकेश ढ़ीगरा, नरेश अरोरा, नीरज बंसल, अमित राय जैन, अमित अग्रवाल, डॉ. पुनीत संगल, नितिन जैन, मनोज शर्मा, अमजद सैफी, अनिल तायल, उज्जवल मित्तल, शहजाद, महमूद आलम आदि मौजूद रहे।

इलाहाबाद विवि के 19 शिक्षक दुनिया के शीर्ष वैज्ञानिकों में शामिल



प्रयागराज, 19 सितंबर (एजेंसी)। इलाहाबाद विश्वविद्यालय (इविवि) के 19 शिक्षकों ने दुनिया के शीर्ष दो फीसदी वैज्ञानिकों में जगह बनाई है। स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय ने हर साल की तरह इस बार भी शीर्ष वैज्ञानिकों की लिस्ट जारी कर दी है, जिसमें दुनिया भर से 8.5 लाख वैज्ञानिकों को शामिल किया गया है। इस लिस्ट में इविवि के आठ विभागों के वैज्ञानिक शामिल किए गए हैं। भौतिक विभाग से डॉ. अशील कुमार, डॉ. ठाकुर प्रसाद यादव, डॉ. निति कांत एवं डॉ. आरके वर्मा, जैव रसायन विभाग के डॉ. अभय कुमार पांडेय, प्रो. बेचन शर्मा, प्रो. एसआइ रिजवी, डॉ. मुनीश कुमार एवं डॉ. आशुतोष गुप्ता, जैव प्रौद्योगिकी के डॉ. मोहन प्रसाद सिंह को शामिल किया गया है।

कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ की जिला इकाई ने किया निवर्तमान डीएम का विदाई कार्यक्रम संपन्न

मुजफ्फरनगर, 19 सितम्बर (बु.)। कलेक्ट्रेट में उत्तर प्रदेश कलक्ट्रेट मिनिस्ट्रियल संघ शाखा मुजफ्फरनगर द्वारा निर्वतमान डीएम अरविन्द मल्लप्पा बंगारी का विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। निवर्तमान जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट कर्मचारियों की मेहनत व उनके कार्यकाल में किए सभी शासकीय दायित्वों का निर्वहन, पूर्ण लग्न एवं मेहनत से करने के लिए सभी संघ के पदाधिकारियों व कर्मचारियों का धन्यवाद किया गया। कलेक्ट्रेट मिनिस्ट्रियल संघ के अध्यक्ष अम्मार हैदर व सचिव मनीष शर्मा, कार्यकारणी सदस्यों एवं कलेक्ट्रेट कर्मचारियों द्वारा आयोजित विदाई समारोह में एडीएम प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह, एडीएम वित्त गजेन्द्र कुमार, सहायक आयुक्त स्टाम्प वीर सेन एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से शैफालिका, सुभाष नाजिर सदर, संजय कुमार गर्ग, तरूण छाबडा ओएसडी जिलाधिकारी, शौकत हुसैन, विकास शर्मा, जनेश्वर, सीता देवी, धीरज पाल, राम किशोर, राजकुमार, प्रवीण कुमार, नरेन्द्र, रणवीर सिंह, दिनेश कुमार, पीयूष त्यागी, विजय कुमार, कुलदीप, पुष्पेन्द्र, बालेन्द्र कुमार, प्रिंस जैन, सचिन कुमार, रोबिन, एस. हुसैन, आशीष कुमार, प्रांजल शर्मा, अंकुर, रमी मलिक, विजयलता आदि कलेक्ट्रेट कर्मचारी उपस्थित रहे।

कैबिनेट मंत्री ने संविदाकर्मियों से किया संवाद

भोपा, 19 सितम्बर (बु.)। खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय भोपा पर राज्य सरकार में कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार द्वारा संविदाकर्मियों से संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें भाजपा व रालोद के नेताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में संविदाकर्मियों की समस्याएं जानकर उनका निराकरण कराने का वादा किया और कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए संगठन को मजबूत बनाने की अपील की। खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षामित्रों, आंगनवाड़ी कार्यकत्री और भोजनमाताओं से उनकी समस्याओं की जानकारी की। शिक्षामित्रों के जिलाध्यक्ष खुर्शीद चौधरी ने कहा कि शिक्षामित्र बीते 22 वर्षों से गांव के गरीब, पिछड़े बच्चों को शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश के शिक्षामित्रों की आर्थिक स्थिति काफी दयनीय है। आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण प्रदेश के शिक्षामित्रों के परिवार में औसतन चार से पांच सदस्यों की मौत हो जाती है। खुर्शीद अहमद ने शिक्षामित्रों की नियमावली में संशोधन कर योग्यता पूर्ण कराकर उन्हें समायोजित करने और समायोजन प्रक्रिया पूर्ण होने तक समान कार्य समान वेतन करने की मांग की। इसी प्रकार आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और भोजनमाताओं ने भी अपना मानदेय बढ़ाने की मांग की और कैबिनेट मंत्री को इस संबंध में अपने ज्ञापन सौंपे। संवाद कार्यक्रम में संविदाकर्मियों को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने कहा कि वह संविदाकर्मियों के कम वेतन के कारण आने वाली परेशानियों को समझते हैं। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर उन्हें संविदाकर्मियों की स्थिति से अवगत कराया जाएगा और उनके समस्याओं के निराकरण का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता ने चन्दन चौहान को विधायक बनाने के बाद सांसद भी बनाया है। उन्होंने उपचुनाव में भी संविदाकर्मियों से गठबंधन के प्रत्याशी को मजबूत बनाने की अपील की। इससे पूर्व संवाद कार्यक्रम में संविदा कर्मियों को भोपा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि तरुण कुमार, रालोद मंडल अध्यक्ष प्रभात तोमर और पूर्व मंत्री योगराज सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजीव और आजादवीर ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी जानसठ सुबोध कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी मोरना अमरवीर सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी जानसठ राकेश कुमार गौड़ आदि मौजूद रहे।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र सं.6059 दिनांक 02/07/14 में गलती से माता का नाम रोशनी मित्तल अंकित करा दिया गया, जबकि रोशनी मित्तल उर्फ दिव्या मित्तल दोनों मेरे ही नाम हैं। भविष्य में मुझे दोनों नामों से ही जाना जायेगा। शुद्धिकरण हेतु शपथ पत्र सम्बन्धित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

दिव्या मित्तल
पत्नी चन्द्रमोहन मित्तल
निवासी- सी-24, शुगर मिल मोरना
मुजफ्फरनगर

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र का नाम अशर श्रीवास्तव था, जो कि मैंने बदलकर उसका नाम अत्रेय श्रीवास्तव रख लिया है। मेरे पुत्र को भविष्य में अत्रेय श्रीवास्तव के नाम से ही जाना जायेगा।

समीर कुमार श्रीवास्तव
म.न. 226 फेज-2, सुरेन्द्रनगर
जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर

एजुकेशनल टूर पर शारदेन स्कूल के छात्रों ने उठाया आनंद

मुजफ्फरनगर, 19 सितम्बर (बु.)। शारदेन स्कूल के कक्षा 11 के छात्र-छात्राएं एजुकेशनल टूर पर दिल्ली में पीएम म्यूजियम, वॉर मेमोरियल, स्नो पार्क एवं ट्रामपॉलिन पार्क में गए। छात्रों ने पीएम म्यूजियम में भ्रमण किया। वहां पर जाकर उन्होंने जानकारी हासिल की कि पीएम संग्रहालय का उद्घाटन 14 अप्रैल 2022 को प्रधानमंत्री ने किया था। यह इमारत भारत के सभी प्रधानमंत्री के योगदान को मान्यता देता है और दिखाता है कि कैसे लोकतंत्र में समाज के हर वर्ग और स्तर के नेताओं को राष्ट्र के लिए योगदान देने का अवसर प्रदान किया। इसके बाद सभी विद्यार्थी वॉर मेमोरियल गए और भारतीय वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी। साथ ही उन्होंने जानकारी प्राप्त की कि वॉर मेमोरियल के केंद्र में 40 मीटर ऊंचा स्तंभ है, जो भारत की एकता व अखंडता का प्रतीक है। इस स्तंभ के चारों ओर 16 भुजाएं हैं जो भारत के 16 महान युद्ध में शहीद हुए सैनिकों की याद कराते हैं। छात्र दिल्ली स्नो पार्क में भी गए यह गर्मी से बचने के लिए एकदम सही जगह है। वहां बच्चों ने मौज मस्ती की और गर्मी की तपती धूप से बचते हुए सर्दियों के अजीब अजूबे का आनंद लिया। अंत में ट्रामपॉलिन पार्क में बच्चों ने हंसते खेलते हुए अपनी यात्रा को पूर्ण किया और अपनी प्रसन्नता को सबके साथ शेयर किया।

हिंदी-उर्दू अदबी संगम करेगी पत्रकार रोहिताश्व वर्मा को सम्मानित

-22 सितंबर को दिल्ली में होगा राष्ट्रीय सम्मान समारोह कार्यक्रम

मुजफ्फरनगर, 19 सितम्बर (बुस.)। संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार एवं साहित्यिक संस्था हिंदी-उर्दू अदबी संगम द्वारा 22 सितंबर को दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय सम्मान समारोह व लेखक मेले में ग्रामीण क्षेत्र में उत्कृष्ट पत्रकारिता कर रहे जिले के पत्रकार रोहिताश्व कुमार वर्मा को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक एवं संस्था के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. सैयद अली अख्तर नकवी ने बताया कि 22 सितम्बर को दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार व साहित्यिक संस्था हिंदी-उर्दू अदबी संगम द्वारा राष्ट्रीय सम्मान समारोह एवं लेखक मेले का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक आदि प्रदेश के लेखक, शिक्षक व पत्रकार बुद्धिजीवियों को सम्मानित किया जाएगा। जिले से 25 वर्षों से ग्रामीण पत्रकारिता में उत्कृष्ट कार्य कर रहे पत्रकार रोहिताश्व कुमार वर्मा को सम्मानित किया जाएगा। इससे पहले भी उन्हें कई पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री सोनिया प्रजापति के स्कूल रिकार्ड में उसकी माता यानि मेरा नाम (SAVITA) दर्ज है, जो कि गलत है। जबकि मेरे आधार कार्ड व अन्य सभी प्रमाण पत्रों में मेरा सही नाम (SAMITA) दर्ज है। इसलिए मुझे भविष्य मेरे सही नाम (SAMITA)के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

समिता पत्नी बोध राम
504, एम.पी.आर.डी. स्कूल
रामपुरी, मुजफ्फरनगर

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम मेरी माताजी स्व0 श्रीमती चन्द्रवती जी के स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया के खाता संख्या 20125167732 में नॉमिनी के रूप में VIGHT KUMAR दर्ज हो गया है, जबकि आधार कार्ड में मेरा नाम VIJEET KUMAR दर्ज है। उक्त दोनों नाम मेरे ही है। उक्त दोनों के सम्बंध में वर्तमान और भविष्य में कोई वाद-विवाद उत्पन्न होता है, तो इसकी समस्त जिम्मेदारी मेरी होगी।

विजीत कुमार पुत्र श्री अशोक कुमार
222, एकता विहार, शाहबुद्दीनपुर,
जिला- मुजफ्फरनगर

लोनी में जूस दुकानदारों से बोले नंदकिशोर गुर्जर- दिल्ली में बेचो, दुकानों के बाहर लिखो नाम

लोनी, 19 सितंबर (एजेंसी)। लोनी में बीते दिनों जूस में पेशाब मिलाकर पिलाने का मामला सामने आने के बाद लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने एक्शन लिया। लोनी में वह एक जूस की दुकान पर पहुंचे और दुकानदारों को अल्टीमेटम दिया। दूसरे समुदाय की जूस की दुकान पर पहुंचे। लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने दो दिन में दुकान खाली करने की चेतावनी दी है। विधायक ने दूकानदारों को दिल्ली में जाकर जूस बेचने की हिदायत दी। दुकानों के बाहर नाम लिखे। लोनी स्थित इंद्रपुरी कॉलोनी में जूस में मूत्र मिलकर बचने के बाद स्थानीय लोगों ने शांति नगर, दो नंबर और बलराम नगर में खुली जूस की दुकानों को जबरन बंद कराया था। लोगों को एक जूस की दुकान से मांस की बिरयानी मिली। वहीं दूसरी दुकान के बर्तन गंदे मिले। लोगों ने हगामा कर दुकानों को बंद कराया।

गुंडों पर बुलडोजर चलने का अखिलेश को दर्द: त्रिवेंद्र सिंह रावत

बागपत, 19 सितंबर (एजेंसी)। भाजपा के सदस्यता अभियान मे बागपत पहुंचे उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने पत्रकारों के सवाल पर कहा कि जम्मू कश्मीर मे एक फेज का कल मतदान हो गया है। हरियाणा में अभी अक्तूबर में चुनाव होना है। पार्टी पूरे जोर-शोर के साथ जीतने के लिए काम कर रही है। हम वहां पर सरकार बनाएंगे। वन नेशन, वन इलेक्शन के सवाल पर त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का संगठन का चुनाव निर्धारित समय पर होता है लेकिन हमने आज तक नहीं सुना कि भारतीय जनता पार्टी के अलावा और राजनीतिक संगठन में कभी चुनाव हुए हैं। सपा में तो लीडरशिप थोप दी जाती है। यहां कार्यकर्ता अपना लीडर चुनते हैं। अखिलेश को इस तरह का उपदेश देने की कोई आवश्यकता नहीं और न वह इसकी योग्यता रखते हैं। उन्होंने कहा की देखें समाजवादी पार्टी गुंडो की पार्टी है। गुंडों पर बुलडोजर चल रहा है, अखिलेश को दर्द हो रहा है। उस दर्द को हम स्वाभाविक मानते हैं। अस्वभाविक नहीं मानते हैं। कहा कि मैं समझता हूं कि सीएम योगी ने जिस तरह से उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था का राज कायम किया है, जिस तरह से उन्होंने उत्तर प्रदेश को आज विकास की गति प्रदान की है। उत्तर प्रदेश को इस तरह के शासन व्यवस्था की आवश्यकता है। उसे आवश्यकता को सीएम ने पूरा किया है। जितने भी गुंडे बदमाश हैं उनको तो रौंदा ही जाना चाहिए। वही भाषा समझते हैं। उन्होंने अरविंद केजरीवाल से संबधित सवाल पर कहा कि अरविंद केजरीवाल ने इस्तीफा नहीं दिया है। मजबूरी है, केजरीवाल यह समझ गए हैं, अब वह कानून के शिकंजे से बचकर निकलने वाले नहीं हैं। इसलिए उन्होंने इस्तीफा दिया है, लेकिन इस्तीफा देने से कुछ नहीं होता। जिसको उन्होंने नया कैंडिडेट बनाया है मुख्यमंत्री का, वही बात है बोतल नयी है, शराब पुरानी है।

मां के सामने ही दो युवकों ने बहन की गोली मारकर हत्या की

संभल, 19 सितंबर (एजेंसी)। कैला देवी के गांव भमोरी पट्टी निवासी बबीता (17) की बुधवार की करीब रात 10: 30 बजे गोली मारकर हत्या कर दी। एएसपी श्रीश्चंद्र ने घटनास्थल पहुंचकर जांच की। मृतका के भाई ने गांव के ही रिंकू और रजपुरा के गांव सैतुआ निवासी पप्पू पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। गांव निवासी नीरज ने पुलिस को बताया कि परिवार के लोग गाजियाबाद में रहकर

1973-2024

सम्पादक की क़लम से

राहुल और पाकिस्तानी पत्रकार

राहुल गांधी की विदेश यात्रा और उसमें उनके बयानों पर पहले भी सवाल उठते रहे हैं, लेकिन इस बार बहुत ज्यादा हो गया। भारत के न्यूज चैनलों पर तो उनके बयानों की आलोचना चली ही, पाकिस्तानी पत्रकारों ने भी राहुल को नहीं बख्शा। पाकिस्तानी पत्रकार कमर चीमा के शो में साजिद करार ने राहुल गांधी की खूब किरकिरी की, यहाँ तक कह दिया कि राहुल का सर नेम अगर गांधी न होता, तो वो छोले बेच रहे होते। अमेरिका में सैम पित्रोदा के इंटरव्यू के दौरान पत्रकार ने आरोप लगाए कि राहुल की टीम के एक सदस्य ने उनका फोन छीन लिया और फोन पर रिकॉर्ड किया हुआ सैम पित्रोदा का इंटरव्यू डिलीट कर दिया। पत्रकार ने बताया कि उन्होंने सैम पित्रोदा से पूछा था कि क्या राहुल गांधी देश में रहते हुए कभी बांग्लादेश में हो रही हिंदुओं के खिलाफ हिंसा पर कोई बयान देंगे या नहीं? इस पर पीएम मोदी ने एक रैली में कहा कि मैंने ये खबर पढ़ी कि एक भारतीय अखबार का प्रतिनिधि जो अमेरिका गया था। अमेरिका में उसे जिस तरह की क्रूरता का सामना करना पड़ा। उसने अपनी पूरी कहानी लोगों के सामने रखी है। अमेरिका की धरती पर एक भारतीय बेटे को, वो भी भारतीय संविधान के लिए काम करने वाले एक पत्रकार को, कमरे में बंद करके जिस तरह से उसके साथ व्यवहार किया गया, क्या आप अमेरिकी धरती पर एक भारतीय पत्रकार की पिटाई करके भारत की प्रतिष्ठा बढ़ा रहे हैं? इस घटना से पत्रकारों में रोष है। राहुल की खामोशी पर कहा जा रहा है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की बातें करने वाले, संविधान-संविधान करने वाले अमेरिका में भारतीय पत्रकार से बदसलूकी करते हैं और खामोश रहते हैं, खड़गे भी नहीं बोलते, लेकिन राहुल के लिए प्रधानमन्त्री को चिट्ठी लिखते हैं। इस बार राहुल की अमेरिका यात्रा पूरी तरह विवादास्पद रही, भाजपाईयों ने राहुल का विरोध किया। राहुल के विरोध में दिए गए वक्तव्यों का विरोध करने के लिए कांग्रेस ने विरोध किया। लेकिन इस सबसे यह साफ है कि राहुल अपनी सोच बदलने वाले नहीं हैं और उनके बयानों को लोग भी गंभीरता से लेने वाले नहीं हैं। केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले राहुल के अमेरिका में दिए गए बयानों से इतने आहत हुए कि उन्होंने कहा कि राहुल का पासपोर्ट रद्द होना चाहिए, राहुल गांधी विदेश में जाकर देश की प्रतिष्ठा को गिराते हैं। भाजपा सांसद अनिल बोंडे राहुल के झूठ से कुछ ज्यादा ही खफा हुए, उन्होंने कहा, राहुल की जीभ काट लेनी चाहिए। केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता रवनीत सिंह बिट्टू ने कहा कि राहुल गांधी हिंदुस्तानी नहीं हैं। उनको भारत से प्यार भी नहीं है। राहुल ने पहले मुसलमानों का इस्तेमाल करने की कोशिश की, लेकिन ऐसा नहीं हुआ तो वे अब सिखों को बांटने की कोशिश कर रहे हैं, राहुल गांधी देश के नंबर वन टेररिस्ट हैं, उनको पकड़ने वाले को इनाम दिया जाना चाहिए, क्योंकि वे देश के सबसे बड़े दुश्मन हैं। देश की एजेंसियों को उन पर नजर रखनी चाहिए। राहुल गांधी ने अमेरिका में कहा था कि भारत में सिख समुदाय के बीच इस बात की चिंता है कि उन्हें पगड़ी और कड़ा पहनने की इजाजत दी जाएगी या नहीं। राहुल के अमेरिका में दिए गए बयान पर महाराष्ट्र के बुलढाणा से विधायक संजय गायकवाड़ ने कहा, राहुल गांधी पिछड़ों, आदिवासियों का आरक्षण खत्म करना चाहते हैं। उन्हें इसका इनाम मिलेगा, जो भी राहुल की जीभ काटेगा, उसे 11 लाख रुपए दिए जाएंगे। संजय ने यह भी कहा कि कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में संविधान खतरे में होने का फर्जी नैरेटिव सेट कर वोट हासिल किए। आज वे आरक्षण खत्म करने की बात कर रहे हैं। बुलढाणा में संजय पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। बीजेपी नेता और यूपी के मंत्री रघुराज सिंह ने इंदौर में सार्वजनिक तौर पर कहा था कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी 'भारत के नंबर वन आतंकवादी' हैं। राहुल गांधी ने सरासर झूट बोलते हुए कहा था कि भारत में सिख समुदाय के बीच इस बात की चिंता है कि उन्हें पगड़ी, कड़ा पहनने की इजाजत दी जाएगी या नहीं। महाराष्ट्र के एक नेता ने इस मामले पर कहा कि अब जब राहुल की अमेरिका में की गयी बकवास पर जवाब दिया जा रहा है, तो कांग्रेस बिलबिला रही है। खड़गे, प्रधानमन्त्री को चिट्ठी लिख रहे हैं कि अपने नेताओं को समझाओ, लेकिन जब तथाकथित किसान आंदोलन में मोदी तू मरजा, मोदी तेरी कब्र खुदेगी जैसे नारे लगे थे, तो यही कांग्रेसी खामोश थे। प्रधानमन्त्री के बारे में उनकी बोटी-बोटी करने वाले को कांग्रेस प्रमोट करती है, तो वही कांग्रेस अब क्यों बिलबिला रही है। अब जब बात, राहुल की बकवास के बाद की टिप्पणियों की आई, तो छाती पीट रहे हैं। राहुल के व्यवहार पर पाकिस्तानी भी अफसोस कर रहे हैं। कमर चीमा, राहुल गांधी के अमेरिका में दिए बयान और भारतीय पत्रकार से हुई बदसलूकी पर साजिद तरार से सवाल पूछते हैं, साजिद तरार के जवाब का हिस्सा भारत में बहुत वायरल हो रहा है यू ट्यूबर भी इस हिस्से को लेकर वीडियो बना रहे हैं। खड़गे सहित सभी कांग्रेसियों को यह वीडियो देखना चाहिए। साजिद तरार ने कहा कि मैंने राहुल की संसद में दी गयी स्पीच सुनी हैं, मुझे इनकी जहनी हालत पर शक था, लेकिन वो अमेरिका में पत्रकार से बदसलूकी पर नहीं बोले, उन्होंने सिक्खों के बारे में झूट बोला मुझे ये मेच्योर नहीं लगे। बहुत बड़ी पार्टी है कांग्रेस और ये लीडर ऑफ अपॉजिशन हैं। अगर लीडर ऑफ अपॉजिशन की सूरते हाल ये है कि वो अपने घर की डर्टी लांडरी जाके दुनिया के सामने धोने की कोशिश कर रहा है, वो डेमेज कर रहे हैं, भारत के नाम को। राहुल गांधी साहब जिस तरह की पिक्चर पेश कर रहे हैं, अफसोस है बहुत सख़्त अफसोस है, मुझे बहुत तकलीफ हुई उनकी ये बातें सुनकर उन्होंने एंटी इंडियन बातें की यहाँ आके। मायूब लगता है कि आप किसी फॉरन कंट्री में जाके अपॉजिशन लीडर हो आप, एक बहुत बड़ी पार्टी को हेड कर रहे हो, हालांकि अगर आपके नाम के साथ गांधी न होता, तो आप छोले बेच रहे होते इंडिया में। आप इस तरह की स्टेटमेंट दे रहे हैं, आप सिक्खों की दिल आजारी कर रहे हैं, आपकी पार्टी पत्रकार से बद सलूकी कर रही है। मैं भारत जाता हूँ तो देखता हूँ सिक्ख बड़ी अच्छी हालत में हैं, आप सिक्खों के बारे में गलत बोल रहे हैं, मैं इससे एग्री नहीं करूंगा, पार्टी को चाहिए कि इनकी काउंसलिंग करवाए, इनकी वालदा अभी जिन्दा हैं उनको चाहिए कि वो इन्हें बैठा कर समझाएं कि बेटा जी क्या पप्पुगिरी कर रहे हो पप्पू को चॉकलेट वगैरा ले के दें।

चार तीर

सुनील उत्सव

"रोग" "मोहब्बत" "नेता" "तकरीब"

खानदानी रोग है ये,है यही अपना मिजाज,
हमको गुण्डों से मोहब्बत और लुच्चों से है प्यार।
अपनी नेता पंती जिन्दा है इसी तरकीब से,
हमको गुण्डों से मोहब्बत और लुच्चों से है प्यार।

श्रीराम पॉलीटैक्निक में फेयरवैल फिस्टा में बिखरे सांस्कृतिक रंग

मुजफ्फरनगर, 19 सितम्बर (बु.)। श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के पॉलीटैक्निक विभाग द्वारा फेयरवैल फिस्टा-2024 का आयोजन किया गया, जिसमें पॉलीटैक्निक, द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं ने पॉलीटैक्निक अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं के विदाई समारोह का आयोजन किया, जिसमें विभिन्न सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इसका शुभारम्भ एसआरजीसी रिर्सच डा. आरपी सिंह, श्री राम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के निदेशक डॉ. एसएन चौहान, श्रीराम कॉलेज की प्राचार्या डॉ. प्रेरणा मित्तल, डीन एकेडेमिक्स डॉ. सुचित्रा त्यागी, श्री राम कॉलेज के डीन एकेडेमिक्स डॉ. विनीत शर्मा द्वारा सामूहिक रूप से द्वीप प्रज्जवलित कर किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का आरम्भ गणेश वन्दना के साथ किया गया। पार्टी में सीनियर्स व जूनियर्स ने विभिन्न कार्यक्रमों में अपनी उपस्थिति हर्षोल्लास के साथ दी एवं पॉलीटैक्निक द्वितीय वर्ष के छात्रों ने विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की प्रस्तुतियां दी गईं, जिनमें अनामिका, अहाना, शैली, शैजल, प्राची, अनु, साक्षी, मोनिश ने अपने नृत्य से सबका मन मोह लिया। इसी प्रकार हर्ष व श्रेष्ठ ने गायन के माध्यम से सभी को आकर्षित किया। संचालन पिंकी पाल प्रोफेसर एप्लाईड साइंस ने किया। मिस्टर फेयरवेल मौ. नाईम तृतीय वर्ष व मिस फेयरवेल अनामिका त्यागी तृतीय वर्ष को चुना गया। प्राचार्या डॉ. प्रेरणा मित्तल ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए छात्र छात्राओं को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में आशीष कुमार, आलिम जैदी, पिंकी पाल, नेहा गोयल, शुभम कुमार, अमित कुमार, गौरव कुमार, दीपक कुमार, विपिन कुमार एवं विशाल कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

होमगार्ड साजिद के घर पर कुर्की नोटिस किया चस्पा

शाहपुर, 19 सितम्बर (बु.)। शाहपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत कसेरवा गांव निवासी होमगार्ड साजिद के घर पुलिस ने किया बीएनएस (84) नोटिस चस्पा (जो पहले आईपीसी 82 की कार्यवाही मानी जाती थी), न्यायालय के आदेश पर शाहपुर चौकी प्रभारी रविंद्र कुमार यादव ने गांव में ढोल के साथ काफी समय से फरार चल रहे होमगार्ड साजिद के घर कुर्की नोटिस चस्पा किया। इस नोटिस के सहारे पुलिस ने आरोपी साजिद को सात दिनों के अंदर कोर्ट में पेश होने के लिए कहा है।

खामपुर के ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन, होलिका दहन की कम भूमि पर रोष

मुजफ्फरनगर, 19 सितम्बर (बु.)। चकबंदी प्रक्रिया के बाद होलिका दहन को सरकारी स्तर पर छोड़ी भूमि कम बताते हुए दर्जनों ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पहुंच इसे धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला बताते हुए डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया। डीएम के नाम सौंपे ज्ञापन में ग्रामीणों ने होलिका दहन के लिए पर्याप्त भूमि दिलाने की मांग की। तहसील सदर के छपार क्षेत्र के गांव खामपुर के ग्रामीणों ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट पहुंच डीएम उमेश चन्द्र मिश्रा से मिलकर उन्हें चकबंदी विभाग की शिकायत करते हुए एक प्रार्थना पत्र दिया। इसमें ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम खामपुर में पिछले दिनों चकबंदी का कार्य पूर्ण किया गया, जिसमें होलिका दहन हेतु भूमि आवंटित की गई, लेकिन जो भूमि दी बेहद कम है और वहां होलिका दहन हो पाना मुश्किल है, जबकि इस भूमि से सम्पूर्ण ग्राम की धार्मिक भावनाएं जुड़ी हैं। उन्होंने बताया कि भूमि पट्टी रूप में दी है, जिसमें भूमि का रकबा खसरा नं. 631/5 के तहत करीब 150 मीटर है जो होली दहन में पर्याप्त भूमि नहीं है। ग्रामीणों ने भूमि को चकोर एवं आयताकार रूप में करने और भूमि का रकबा बढ़ाए जाने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि त्रुटि चकबन्दी विभाग अफसरों ने ग्राम के दबंग लोगों के दबाव से की है, जिससे ग्राम में तनाव पूर्ण स्थिति बनी हुई है।

बताया कि ग्राम खामपुर में लगभग 20 प्रतिशत हिन्दू आबादी है। उन्होंने प्रकरण को दृष्टिगत रखते हुए सम्पूर्ण जांच कराकर होली की भूमि का नक्शा दुरूस्त कराने हेतू भूमि प्रबन्धक समिति खामपुर को प्रस्ताव प्रस्तुत करने को आदेशित करने की मांग की। इस दौरान महेंद्र सिंह, जसवीर, रोहताश, सत्यपाल, पुष्पेन्द्र, चमन, भगीरथ, योगेश, राजवीर, सुधीर, श्रीचन्द, रवि कुमार, धर्मवीर, सुशील, धर्मवीर, शिवकुमार, रामशरण, मिंटू, प्रमोद, अंकुर, नरेश, श्रवण, आकाश, चमन लाल, हरफूल, सुरेन्द्र, मनोज आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

मुर्मू ने श्री महाकालेश्वर मंदिर में किए दर्शन

उज्जैन, 19 सितंबर (वार्ता)। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने आज अपने मध्यप्रदेश प्रवास के दूसरे दिन उज्जैन स्थित श्री महाकालेश्वर मन्दिर में भगवान महाकाल के दर्शन, पूजन अर्चन और अभिषेक किया। इस अवसर पर राज्यपाल मंगु भाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा समेत अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। श्रीमती मुर्मू ने श्री महाकालेश्वर भगवान का पूरे विधिविधान से पूजन अर्चन किया। इसके बाद राष्ट्रपति ने मन्दिर परिसर में कोटि तीर्थ के समीप 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़े के अन्तर्गत स्वच्छता के लिए श्रमदान किया। श्री महाकाल मंदिर के कोटि तीर्थ कुंड से राष्ट्रपति ने श्री महाकाल मंदिर के शिखर के दर्शन किए। श्रीमती मुर्मू ने श्री महाकाल लोक का भ्रमण कर अवलोकन किया तथा मूर्ति बना रहे शिल्पकारों से त्रिवेणी सभा मण्डपम में संवाद भी किया।

10 दिन बीते पर चोरी का सामान नहीं हुआ बरामद

भाकियू के कार्यकर्ताओं में पुलिस के प्रति रोष व्याप्त

बुढ़ाना, 19 सितम्बर (बु.)। बीती नौ सितम्बर को को-आपरेटिव सोसाइटी बुढ़ाना के चेयरमैन निवासी गांव बिटावदा के हाइवे पर स्थित प्लाट से लेजर, ट्रीलर व गाटर चोरी हो गये थे।

घटना को आज 11 दिन हो गये, लेकिन बायवाला चौकी पुलिस अब तक भी चोरी हुआ सामान बरामद नहीं कर पाई। जिसको लेकर भाकियू कार्यकर्ताओं में बुढ़ाना पुलिस के प्रति भारी रोष है। पीड़ित चेयरमेन घटना वाले दिन जब बायवाला चौकी पर गये थे तो तत्कालीन चौकी इंचार्ज ने बोल दिया था कि वे चोरी का खुलासा करने के लिए लगे हैं और अब जो नये चौकी इंचार्ज आए हैं वे भी पीड़ित को ये ही आश्वासन दे रहे हैं। जिसको लेकर भाकियू कार्यकर्ताओं में भारी रोष है। इस संबंध मे भाकियू टिकैत गुट के बुढ़ाना तहसील अध्यक्ष संजीव पंवार ने बुढ़ाना पुलिस को चेतावनी देते हुए कहा है कि बुढ़ाना पुलिस उक्त चोरी का खुलासा जल्द से जल्द करे नहीं तो इसके लिए बुढ़ाना कोतवाली परिसर में बड़ा धरना प्रदर्शन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी पुलिस की होगी। उल्लेखनीय है कि बिटावदा गांव मे मेरठ वाया करनाल हाइवे पर गांव में ही है। पास में एक प्लाट भी है। जिसमें लोहे के 15 गाटर, ईख बोने वाला लेजर और जमीन को उखाड़ने वाला ट्रीलर रखा हुआ था। जो चोरों ने 09 सितम्बर को चोरी कर लिए थे।

कवाल कांड के वादी सलीम के अग्रिम साक्ष्य मांगने के कोर्ट ने दिए आदेश

मुजफ्फरनगर, 19 सितम्बर (बु.)। 27 अगस्त 2013 को शाहनवाज की हत्या के बाद आक्रोशित भीड़ द्वारा ममेरे फुफेरे भाई सचिन और गौरव की निर्मम हत्या कर दी थी, उक्त मामले में एसआईटी ने छह आरोपियों को शाहनवाज की हत्या में क्लीनचिट देते हुए कोर्ट में एफआर लगा दी थी। जबकि सचिन और गौरव की हत्या के मामले में चार्जशीट दाखिल की थी। उक्त दोनों की हत्या के मामले में दोषियों को उम्रकैद की सजा भी सुनाई जा चुकी है, एसआईटी की रिपोर्ट को शाहनवाज के पिता और मुकदमे में वादी रहे सलीम ने अदालत में चुनौती दी थी। जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया था। इस मामले में 30 मई 2018 को वाद दायर किया गया, जिसमें बिशन, तेंदू, रविन्द्र सिंह, प्रहलाद, देवेन्द्र और जितेन्द्र आरोपी बनाये गये। घटना के मुकदमे की सुनवाई एडीजे कोर्ट सात में चल रही है। 25 जुलाई २०२४ को बीमारी के चलते एसआईटी की रिपोर्ट को चुनौती देने वाले शाहनवाज के पिता और मुकदमे के वादी सलीम का इंतकाल हो गया। जिसमें अधिवक्ता राजीव कुमार गोयल ने बताया कि मृत्यु आख्या रिपोर्ट थाने द्वारा कोर्ट को मिल चुकी है। आख्या आने के बाद कोर्ट ने अग्रिम साक्ष्य पेश करने के लिए आदेश प्रेषित किया है, जिसकी तिथि दस अक्टूबर नियत की गई है।

गणेश चतुर्थी महोत्सव कार्यक्रम आस्था व श्रद्धाभाव से हुआ संपन्न

बुढ़ाना, 19 सितम्बर (बु.)। कस्बे में गणेश चतुर्थी का कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। इससे पहले कस्बे के मुख्य मार्गों पर जो धार्मिक यात्रा निकाली गयी थी, उसका उद्घाटन सैंकड़ों धर्म प्रेमियों की मौजूदगी में बुढ़ाना सर्किल के पुलिस क्षेत्राधिकारी गजेंद्र पाल सिंह ने अपने कर कमलों द्वारा फीता काटकर किया था। इस विसर्जन यात्रा में बुढ़ाना क्षेत्र के लोगों ने भी बढ़-चढकर हिस्सा लिया था। इस कार्यक्रम के मुख्य आयोजक मनमोहन कश्यप ने यहां पर आयोजित हुए भव्य समारोह में कस्बे के कुछ व्यापारियों को भी माला एवं पटका पहनाकर अपने कर कमलों द्वारा सम्मानित किया था। इस आयोजन को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने पर मनमोहन कश्यप ने पुलिस और प्रशासन का आभार जताया था। विसर्जन यात्रा ढोल नगाड़े डीजे व भजनों के साथ निकाली गई थी वहीं महिलाओं द्वारा डांडिया खेलकर उत्सव मनाया गया था।

भारतीय मजदूर संघ ने किया कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन, पेंशन राशि बढ़ाने को सौंपा ज्ञापन

मुजफ्फरनगर, 19 सितम्बर (बु.)। भारतीय मजदूर संघ की ओर से गुरुवार को कलेक्ट्रेट में विरोध प्रदर्शन करते हुए देश के प्रधानमंत्री के नाम प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में मजदूर संघ ने कर्मचारी पेंशन स्कीम के तहत देय न्यूनतम पेंशन राशि में बढ़ोतरी किए जाने के साथ ही आयुष्मान भारत योजना से जोड़ने की मांग की। मजदूर संघ से जुड़े पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट में विरोध प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री के नाम जिला प्रशासन को सौंपा। संगठन के जिलाध्यक्ष देवेन्द्र राणा व मंत्री पुष्पेन्द्र दत्त शर्मा के नेतृत्व में लंबित मांगों को पूर्ण कराए जाने की मांग की। इस ज्ञापन में मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष देवेन्द्र राणा ने जिला प्रशासन को सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि कर्मचारी पेंशन स्कीम के तहत देय न्यूनतम पेंशन राशि एक हजार प्रति माह से बढ़ाकर इसे 5 हजार किए जाने की मांग की। वहीं आयुष्मान भारत योजना से कर्मचारियों को जोड़ने के साथ महंगाई भत्ते के साथ इसे लिंक से जोड़कर भविष्य में धनराशि का भुगतान कराए जाने की मांग की। इस दौरान संघ से जुड़े पदाधिकारियों ने उक्त मांगों को समय रहते पूर्ण कराए जाने की गुहार लगाई।

मथुरा हादसा: वंदेभारत और शताब्दी सहित 15 ट्रेन निरस्त और 25 ट्रेनों का बदला रूट

कई रेलगाड़ियों के देरी से पहुंचने के कारण यात्रियों का हाल हुआ बेहाल

आगरा, 19 सितंबर (एजेंसी)। मथुरा-पलवल खंड के वृंदावन रोड-अझई स्टेशन के बीच बुधवार को कोयला लदी मालगाड़ी के पटरी से उतरने के 24 घंटे बाद भी राहत नहीं मिल सकी। रूट शुरू नहीं हो सका। बृहस्पतिवार को रेलवे ने 40 से अधिक ट्रेनें डायवर्ट और निरस्त कीं। ट्रेनें 6 से 8 घंटे तक देरी से पहुंची। यात्रियों का हाल बेहाल हो गया।

आगरा कैंट स्टेशन पर यात्रियों को जानकारी लेने में भी समस्या का सामना करना पड़ा। निरस्त ट्रेनों में भोपाल शताब्दी, भोपाल वंदेभारत, गतिमान एक्सप्रेस जैसी प्रीमियम ट्रेन भी शामिल रहीं। इससे दिक्कत ज्यादा हुई। यात्रियों ने अपनी यात्रा को ट्रेन से निरस्त भी किया। शुक्रवार को भी 24 से अधिक ट्रेनों को निरस्त व डायवर्ट करने की घोषणा की गई है। यात्रियों की सुविधा के लिए आगरा कैंट स्टेशन पर हेल्प डेस्क बनाई गई थी। हादसे के बाद से ही यात्री स्टेशन पर ट्रेनों के आने का इंतजार कर रहे थे। मगर, उन्हें कोई जानकारी नहीं मिल पा रही थी। रात से इंतजार कर रहे लोगों को सुबह भी ट्रेन आसानी से नहीं मिल सकी। कई ट्रेनों के लिए दोपहर तक का इंतजार करना पड़ा। बसों से भी यात्रा करनी पड़ीं। बृहस्पतिवार को 376 से अधिक टिकट निरस्त हुए। इस पर रेलवे ने 2.11 लाख से अधिक रुपये रिफंड किए। योग नगरी ऋषिकेश-पुरी उत्कल एक्सप्रेस को गाजियाबाद-टूंडला-गोविन्दपुरी-प्रयागराज-मानिकपुर-न्यू कटनी जं. के रास्ते मेरठ भेजा गया। अमृतसर-इंदौर एक्सप्रेस - मेरठ सिटी-खुर्जा-गाजियाबाद-मितावली-आगरा छावनी के रास्ते चलाई गई।

फर्जी बिल बनाने के मामले में जीएसटी टीम ने शुरू की जांच

कमीशन के आधार पर फर्जी जीएसटी, ई वे बिल जनरेट करने का मामला सामने आया

मुजफ्फरनगर, 19 सितंबर (बु.)। फर्जी जीएसटी बिल बनाने के आरोप में हिरासत में लिए युवकों से जीएसटी अधिकारी ने पूछताछ की। शुरूआती पूछताछ के दौरान कमीशन के आधार पर फर्जी जीएसटी, ई वे बिल जनरेट करने का मामला सामने आया है। सोमवार रात रतनपुरी पुलिस ने गांव भनवाड़ा निवासी तीन भाइयों तस्लीम, मुजीब, शहादत व उनके साथी जुनेद को हिरासत में लिया था। युवकों पर फर्जी जीएसटी बिल बनाने का आरोप है।

गुर्गों पर कार्रवाई की तो सरगना को हुई तकलीफ: सीएम योगी

अयोध्या, 19 सितंबर (वार्ता)। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव का नाम लिये बगैर उन पर हमला बोलते हुये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि माफिया तत्वों पर कार्रवाई होने से उनके आकाओं को तकलीफ हो रही है।

विद्या इंटर कॉलेज मिल्कीपुर में आयोजित जनसभा में श्री योगी ने कहा कि हर जिले का बड़ा माफिया व गुंडा सपा से जुड़ा था। इनका पदाधिकारी या शागिर्द था। वहां संगठित अपराध, पशु, वन, खनन, भूमाफिया थे। माफिया समानांतर सरकार चलाकर अराजकता व गुंडागर्दी का तांडव करते थे तो बबुआ घर से बाहर नहीं निकलता था। बबुआ 12 बजे सोकर उठता था। जनता पिसती थी। उन्होंने कहा कि मुस्लिम तुष्टिकरण की हद को पार करते हुए पर्व व त्योहारों में इन लोगों ने अराजकता फैलाई थी। होली, दीवाली, रक्षाबंधन-शिवरात्रि, रामनवमी-जन्माष्टमी को बैन कर दिया था। जन्माष्टमी के आयोजनों पर इन्होंने थाना, पुलिस लाइन, जेलों में रोक लगा दी थी। कहते कि जन्माष्टमी में भजन न गाओ। हरे रामा, हरे कृष्णा की धुन कुछ लोगों को पसंद नहीं थी, इसलिए सपा इसे बैन करती थी। कांवड़ यात्रा पर बैन लगाती थी। दुर्गा पूजा में अयोध्या का दंगा हर किसी ने देखा। सपा सरकार में देवकाली मंदिर में मूर्ति चोरी हो गई थी। बतौर सांसद गोरखपुर से आकर मैंने आंदोलन किया था।

योगी आदित्यनाथ ने यहां एक हजार करोड़ से अधिक की 83 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास किया और लाभार्थियों को चेक, चाबी, प्रमाण पत्र, सिलाई मशीन आदि प्रदान किया। उन्होने मिल्कीपुर में कराए जाने वाले विकास कार्यों को भी गिनाया। बताया कि मिल्कीपुर में मिनी स्टेडियम बनने जा रहा है। 30 मार्गों का शिलान्यास हो रहा है। रेवना में ग्रामीण स्टेडियम के निर्माण के लिए 9 करोड़ रुपये दिए हैं। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश के आर्थिक विकास का ग्रोथ इंजन बनकर उभरा है। 2017 से पहले उत्तर प्रदेश भारत के विकास का बैरियर माना जाता था। अराजकता चरम पर थी। विकास योजनाओं में भेदभाव व महापुरुषों का अपमान होता था। भाजपा की डबल इंजन सरकार ने साढ़े सात वर्ष में विकास के कार्यों को तेज गति से बढ़ाया। आज फोरलेन, टू लेन सड़कें, गांव की बेहतर कनेक्टिविटी, गांव-मजरे में बिजली-पानी की व्यवस्था दिखती है।

हिज्बुल्ला चीफ का ऐलान- युद्ध की घोषणा हैं लेबनान में धमाके

बेरूत (लेबनान), 19 सितंबर (एजेंसी)। हिज्बुल्ला चीफ नसरल्ला ने कहा है कि लेबनान में पेजर और दूसरे उपकरणों में हुए धमाकों को 'युद्ध का एलान' समझा जाए। नसरल्ला ने इसे ऐतिहासिक अवसर बताया है। हालांकि, इस बीच इस्राइल ने पश्चिम एशिया में कुछ ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की है। इससे हालिया घटनाक्रम के कारण तनाव बढ़ने की आशंका है। थोड़ी देर पहले ही हिज्बुल्ला के प्रमुख हसन नसरल्ला ने पेजर और वॉकी टॉकी में धमाके की घटनाओं पर बयान दिया। उन्होंने कहा कि इस्राइल के हमलों में हिज्बुल्ला के ढांचों को कोई नुकसान नहीं हुआ। हालांकि, इसमें आम लोगों को जरूर नुकसान पहुंचा है। उन्होंने इस घटना को आतंकी हमला और कत्लेआम करार दिया। उन्होंने कहा कि हम किसी नतीजे पर नहीं पहुंच रहे, लेकिन इस पूरी घटना की जांच चल रही है। उन्होंने इस हमले को बड़ी सुरक्षा चूक करार दिया। उन्होंने हमले में इस्राइल के साथ पश्चिमी देशों की मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कहा कि उसके पास अमेरिका और अन्य देशों की वजह से तकनीकी श्रेष्ठता है। लेकिन इसके बावजूद वे हिज्बुल्ला को अपने घुटनों पर नहीं ला पाए। उन्होंने कहा कि हिज्बुल्ला पर हुए इस हमले की माकूल सजा मिलेगी और वो भी उस जगह पर जहां इस्राइल ने सोचा भी नहीं होगा।

मेरा मिशन जम्मू-कश्मीर को अब्दुल्ला, मुफ्ती और गांधी परिवार की 'राजनीतिक जागीरदारी' से मुक्त कराना: मोदी

श्रीनगर, 19 सितंबर (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विधानसभा चुनाव के पहले चरण में बड़ी संख्या में मतदान करने के लिए जम्मू-कश्मीर के लोगों की प्रशंसा करते हुए गुरुवार को कहा कि उनका अंतिम मिशन केंद्र शासित प्रदेश को तीन परिवारों-अब्दुल्ला, मुफ्ती और गांधी परिवार की 'राजनीतिक जागीरदारी' से पूरी तरह मुक्ति दिलाना है। श्री मोदी ने यहां शेर-ए-कश्मीर क्रिकेट स्टेडियम सोनवार में खचाखच भरी जनसभा में यह बात कही। उन्होंने अपना भाषण कश्मीरी में शुरू किया,''म्यानीन सारनी केशरें बयान, ते बेनीन चू मायने तरफे नमस्कार (मेरे सभी कश्मीरी भाइयों और बहनों को नमस्कार)। जब भीड़ 'मोदी, मोदी' चिल्ला रही थी, तो प्रधानमंत्री ने मंच से कहा,''यह नया कश्मीर है। हमारा प्रयास जम्मू-कश्मीर की प्रगति और विकास है। मैं आज देख सकता हूं कि मेरे भाई-बहन खुशामदीद पीएम (स्वागत है पीएम) के नारे लगा रहे हैं। मैं आप सभी का तहे दिल से शुक्रिया अदा करता हूं। श्री मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र का उत्सव चल रहा है। उन्होंने कहा,''कल सात जिलों में पहले चरण का चुनाव हुआ, पहली बार आतंकवाद की छाया के बिना चुनाव हुए। यह वास्तव में गर्व का क्षण था कि कल इतनी बड़ी संख्या में लोग मतदान करने के लिए निकले। प्रधानमंत्री ने कहा कि किश्तवाड़ में 80 प्रतिशत, डोडा में 71 प्रतिशत से अधिक, रामबन में 70 प्रतिशत और कुलगाम में 62 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ। इस प्रतिशत ने पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। जम्मू-कश्मीर के लोगों ने इतिहास में एक नया अध्याय लिखा है।'' उन्होंने कहा कि आज दुनिया देख रही है कि कैसे जम्मू-कश्मीर के लोग भारतीय लोकतंत्र को मजबूत कर रहे हैं। उन्होंने कहा,''इसके लिए मैं जम्मू-कश्मीर के लोगों को बधाई देता हूं। राज्य के दर्जे के बारे में श्री मोदी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करने का वादा किया है और यह भाजपा ही करेगी। अब्दुल्ला, मुफ्ती और गांधी परिवार के खिलाफ अपने हमले को जारी रखते हुए श्री मोदी ने कहा कि दिल्ली से लेकर जम्मू-कश्मीर तक ये पार्टियां बेचैन हैं। उन्होंने कहा कि इन तीन परिवारों ने जम्मू-कश्मीर के लोगों में डर और अनिश्चितता पैदा की है। लेकिन अब समय बदल गया है, हम लोगों को इन परिवारों के जाल में नहीं फंसने देंगे।'' श्री मोदी ने कहा कि उनका मिशन आतंकवाद को हराना है और जम्मू-कश्मीर को फिर से परिवारवाद का शिकार नहीं बनने देना है। उन्होंने कहा,''ये पार्टियां बच्चों को स्कूल जाने से वंचित करने के लिए जिम्मेदार हैं। नेशनल कांफ्रेंस (नेकां), पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) और कांग्रेस जैसी पार्टियां स्कूलों को जलाने के लिए जिम्मेदार हैं। उन्होंने युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया।''

श्री मोदी ने कहा कि उनका मिशन जम्मू-कश्मीर के युवाओं को पर्याप

सीएम योगी बोले, जिन लोगों ने अयोध्या को रामभक्तों के लहू से सींचा वो जमीन घोटाले का आरोप लगा रहे हैं

लखनऊ, 19 सितंबर (एजेंसी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण होने से करोड़ों राम भक्त प्रभु श्रीराम के दर्शन कर रहे हैं। प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बनने से सुरक्षा और विकास का वातावरण बना है। आज भूमाफियाओं के खिलाफ कार्रवाई हो रही है तो इनके सरगना को तकलीफ हो रही है। उन्होंने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन लोगों ने अयोध्या को रामभक्तों के लहू से सींचने का काम किया है वो आज अयोध्या में जमीन घोटाले का आरोप लगा रहे हैं। अयोध्या में कोई जमीन घोटाला नहीं हुआ है बल्कि विकास परियोजनाओं के लिए ली गई जमीन के बदले 1700 करोड़ रुपये का मुआवजा लोगों को दिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या के मिल्कीपुर में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने अयोध्या को एक हजार चार करोड़ 74 लाख 63 हजार की कुल 83 परियोजनाओं की सौगात देते हुए लोकार्पण व शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि यूपी में बने सुरखा और विकास के माहौल का ही परिणाम है कि आज प्रदेश में निवेश के लिए 40 लाख करोड़ रुपये के प्रस्ताव मिले हैं। अब प्रदेश में नौकरियों की कोई कमी नहीं है। डबल इंजन की सरकार ने साढ़े छह लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी है। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि सपा और कांग्रेस को दंगा फैलाने का अवसर मत दो।

तिरुपति मंदिर के लड्डू में चर्बी की पुष्टि, नेशनल डेयरी बोर्ड ने किया कंफर्म

नई दिल्ली, 19 सितंबर (एजेंसी)। लाखों-करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र तिरुपति तिरुमाला मंदिर को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। प्रसिद्ध मंदिर में मिलने वाले लड्डू में मिलावट की बात सामने आई है। आंध्र प्रदेश के तिरुपति मंदिर में भक्तों को प्रसाद के रूप में दिए जाने वाले लड्डुओं में पशु वसा और मछली का तेल होने की पुष्टि लैब रिपोर्ट के जरिए हो गई है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने पिछली वाईएसआर कांग्रेस (वाईएसआरसीपी) सरकार पर तिरुपति लड्डू बनाने में पशु वसा और घटिया सामग्री का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया था। अब, पशु आहार और दूध उत्पादों के परीक्षण पर केन्द्रित एक निजी प्रयोगशाला एनडीडीबी की रिपोर्ट में तिरुपति मंदिर के लड्डू और अन्नदानम के सैम्पल की जांच में सनसनीखेज खुलासा हुआ है।

नकली नोट वाली मदरसा कमेटी ने सुप्रीम कोर्ट को लिखी चिट्ठी

प्रयागराज, 19 सितंबर (एजेंसी)। अतरसुइया स्थित जामिया हबीबिया मस्जिद ए आजम मदरसा कमेटी ने प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) को अपना जवाब भेज दिया है। पीडीए ने मदरसा कमेटी को नोटिस जारी कर पूछा था कि क्यों न मदरसे को बुलडोजर से ध्वस्त करा दिया जाए। पीडीए की नोटिस में लिखा गया है कि मदरसा का नक्शा पास नहीं है। निर्माण से पहले की अनुमति में खानापूर्ति की गई है। दस्तावेज में मदरसे का 2700 स्क्वायर फीट वर्गगज का निर्माण अवैध मिला है। पीडीए ने नोटिस जारी कर 18 सितंबर तक जवाब मांगा था। बृहस्पतिवार को कमेटी ने पीडीए को जवाब देने के साथ ही बुलडोजर एक्शन के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट और इलाहाबाद हाईकोर्ट को भी चिट्ठी भेजी है। नकली नोट छापने की फैक्टरी का भंडाफोड़ होने के बाद चर्चा में आए जामिया हबीबिया मस्जिद ए आजम मदरसे पर बुलडोजर चलाने की तैयारी की जा रही है। फिलहाल मदरसे को सील कर दिया गया है। मदरसे के अंदर छानबीन के दौरान कई आपत्तिजनक साहित्य भी बरामद हुए हैं, जिनको पुलिस ने जब्त कर लिया है। मदरसे को बुलडोजर से गिराने के लिए 18 सितंबर सुबह 11 बजे तक समय दिया गया था। बीते 28 अगस्त को सिविल लाइंस थाना पुलिस ने नकली नोट छापने के मामले में उक्त मदरसे के मौलवी तफसीरूल समेत चार को गिरफ्तार किया था।

बिजली के खंभे से टकराकर वाहन में लगी आग, नहीं खुला गेट, जिंदा जला चालक

बिजनौर, 19 सितंबर (एजेंसी)। नगीना के ग्राम आलेहेदादपुर में बिजली के खंभे से टकराने के बाद टाटा एस गोल्ड (छोटा हाथी) वाहन में आग लग गई। हादसे के बाद चालक स्योहारा निवासी जसविंदर सिंह (40) बाहर नहीं निकल सका और जिंदा जल कर उसकी मौत हो गई। मंगलवार की मध्यरात्रि करीब ढाई बजे स्योहारा के मोहल्ला इस्लामनगर निवासी जसविंदर सिंह टाटा एस गोल्ड (छोटा हाथी) वाहन से नजीबाबाद से नगीना की तरफ आ रहा था। ग्राम आलेहेदादपुर में झबरे के डेरे के पास सड़क किनारे खड़े हाईटेंशन लाइन के खंभे से वाहन टकरा गया। इस घटना में वाहन में भीषण आग लग गई। जसविंदर सिंह वाहन से बाहर नहीं निकल सका। आग में जिंदा जलने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।सूचना पर फायर कर्मी मौके पर पहुंचे और पानी डालकर आग को बुझाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया।

दो साल में यूपी में होंगे दो विधानसभा चुनाव, 2029 में होगा मध्यावधि मतदान

लखनऊ, 19 सितंबर (एजेंसी)। यूपी में वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव के बाद जो भी सरकार बनेगी, उसका कार्यकाल मात्र दो साल का ही होगा। ह्यवन नेशन-वन इलेक्शनह्न की व्यवस्था लागू होने पर यहां दो साल के भीतर दो बार विधानसभा के चुनाव होंगे। प्रदेश में वर्ष 1991 व 1996 में भी लोकसभा और राज्य विधानसभा के चुनाव एक साथ हुए थे। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना कहते हैं कि रामनाथ कोविंद समिति ने अपनी सिफारिशों में कहा है कि वर्ष 2024 के बाद देश में जिस भी राज्य में विधानसभा चुनाव होंगे, उसका कार्यकाल 2029 में लोकसभा के कार्यकाल के साथ ही समाप्त हो जाएगा। इस तरह से देखें तो यूपी में अगला विधानसभा चुनाव 2027 में होगा। उसके बाद वर्ष 2029 में विधानसभा के मध्यावधि चुनाव कराने होंगे। जानकार बताते हैं कि कोविंद समिति की सिफारिशों के आधार पर जब इस संबंध में कानून बनेगा, तभी यह पता चल सकेगा कि समिति की किन-किन सिफारिशों को अधिनियम में शामिल किया गया। यह जरूरी नहीं है कि हर सिफारिश कानून का अंग बने ही।

मेरी और योगी जी की तस्वीर सामने रखकर देख लो पता चल जाएगा मठाधीश कौन है: अखिलेश का तंज

लखनऊ, 19 सितंबर (एजेंसी)। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार हर बात छिपाना चाहती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान अलग आ रहे हैं। मैंने कभी भी किसी साधु-संत के लिए कुछ नहीं कहा है। जिसे क्रोध आता है वो योगी कैसे हो सकता है। इसलिए मैं कहता हूं कि हमारे सीएम मठाधीश मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने कहा कि मेरी और योगी जी की तस्वीर सामने रख लो देखकर पता चल जाएगा कि मठाधीश कौन है। अखिलेश यादव बृहस्पतिवार को सपा कार्यालय पर मीडिया को संबोधित कर रहे थे। वन नेशन वन इलेक्शन के प्रस्ताव पर उन्होंने कहा कि अभी तो महिला आरक्षण को लेकर भी प्रस्ताव पेश किया था वो कब से लागू करने जा रहे हैं। 18,626 पन्नों की रिपोर्ट को 191 दिनों में तैयार किया गया है। इससे पता चलता है कि इन लोगों ने किस तरह की चर्चा की होगी। उन्होंने कहा कि ये भाजपा का प्रस्ताव है जिसका मकसद "वन नेशन, वन इलेक्शन और वन डोनेशन" है। अखिलेश यादव ने बृहस्पतिवार को भेड़ियों के हमले से परेशान जिलों के लोगों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार आने के बाद से ही जानवरों का आतंक बढ़ रहा है। चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि यूपी में जानवरों की समस्या का समाधान हो जाएगा। उन्होंने कहा था कि पूरा रोडमैप तैयार है लेकिन अब हमले बढ़ गए हैं। जंगल के आसपास के जिलों में हमले बढ़ गए हैं। अब गीदड़ और भेड़िए से बहराइच और आसपास के जिलों के लोग खौफ में हैं।

बारिश के अनुमान फेल, सुबह से ही खिली रही धूप

स्कूलों में रहा अवकाश, अब बारिश के आसार कम

मुजफ्फरनगर, 19 सितंबर (बु.)। मौसम विभाग के पूर्वानुमानों के विपरीत आज बादल खामोश रहे। इसके साथ ही कड़क धूप के साथ दिन में गर्माहट लौट आई और इसके चलते अधिकतम तापमान 33.2 और न्यूनतम 25.6 डिग्री दर्ज किया गया। इसके साथ ही कल शाम से रात तक 13.4 मिमी बारिश भी दर्ज की गई। मौसम विभाग का अनुमान है कि अब इस सप्ताह बारिश की संभावना कम है। नगर में बदलते मौसम के बीच आज बारिश के पूर्वानुमान विफल साबित हुए। बारिश के अलर्ट को देखते हुए जिला प्रशासन ने आज अवकाश का ऐलान किया था, लेकिन सुबह से ही मौसम खुला रहा और तेज धूप निकली। इससे लोगों ने बारिश से राहत की सांस ली। छतों पर सुखाने के लिए गीले कपड़े फैले नजर आए। दोपहर में कड़क धूप के साथ तापमान बढ़कर 33.2 डिग्री तक पहुंच गया। हालांकि बीती रात ठंडी थी और पारा 25.6 डिग्री दर्ज किया गया। कल शाम पांच बजे के बाद से रात तक 13.4 मिमी बारिश भी दर्ज की गई।

मौसम विभाग के अनुसार बीते कुछ दिनों से पश्चिम उत्तर प्रदेश में हुई अच्छी बारिश के बाद अब उत्तर प्रदेश में मानसून की चाल धीमी हुई है। मौसम विभाग के मुताबिक शुक्रवार से अगले 3-4 दिन मौसम के साफ रहने के आसार हैं। हालांकि इस बीच कहीं कहीं छिटपुट बूंदाबांदी से इनकार नहीं किया जा सकता। कम दबाव क्षेत्र के पश्चिमी उत्तर प्रदेश की ओर शिफ्ट होने से बुधवार को दिल्ली से सटे लगभग 15 इलाकों गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, बुलंदशहर व फिरोजाबाद के अलावा आगरा, अलीगढ़, इटावा, कानपुर आदि में भी भारी बारिश देखने को मिली थी। आज मौसम खुला तो कड़क धूप निकली। बारिश थमने से तापमान में लगातार बढ़ोत्तरी होगी और सर्दियों की आहट से पहले लोगों को एक बार फिर कुछ दिन उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। फिलहाल कुछ दिन मौसम साफ रहेगा। दिन में धूप खिलने से यहां भी दोबारा उमस भरी गर्मी से दो चार होना पड़ेगा। दिल्ली-एनसीआर से मानसून की वापसी की तारीख नजदीक आ रही है। 25 सितंबर मानसून वापसी की सामान्य तिथि है। अगले चार दिनों में 21-22 सितंबर के वीकेंड सहित बारिश कम होने की संभावना है। हालांकि, बंगाल की खाड़ी में एक और मौसम प्रणाली बनने जा रही है, जो आगे बढ़कर अगले सप्ताह 25-26 सितंबर के आसपास बारिश ला सकती है। इससे दिल्ली-एनसीआर में मानसून की अवधि निर्धारित तारीख से आगे बढ़ सकती है।

भगत सिंह रोड पर चला छापामार अभियान

- अतिक्रमणकारी 3 व्यापारियों पर लगाया जुर्माना, दी चेतावनी
- 6 किग्रा पॉलीथिन जब्त, तीन दुकानों से वसूले साढ़े 6 हजार

मुजफ्फरनगर, 19 सितम्बर (बु.)। नगरपालिका प्रशासन द्वारा चलाए गए स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत गुरुवार सवेरे लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक का त्याग करने और स्वच्छता में सहयोगी बनने को शपथ ग्रहण कराते हुए पॉलिथिन जागरुकता कार्यक्रम के साथ साफ-सफाई कराई गई। वहीं दोपहर बाद पालिका टीम ने भगत सिंह रोड पर प्लास्टिक विरोधी अभियान के बीच प्रतिबंधित पॉलीथिन बेचने वाले तीन दुकानों पर साढ़े छह हजार जुर्माना करते हुए रकम वसूली। दूसरी ओर पालिका टीम ने क्षेत्र में अतिक्रमण करने वाले तीन व्यापारियों को चेतावनी के साथ 3 हजार जुर्माना किया गया। टीम की कार्रवाई से क्षेत्र में घंटों तक हड़कंप मचा रहा।

चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप के निर्देशन में पालिका के अधिकारी और कर्मचारी सड़कों पर लोगों को जागरुक करने के साथ क्षेत्र को क्लीन बनाने की दिशा में जुटी है। पालिका ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा 2024 कार्यक्रम के अन्तर्गत क्षेत्र में जनजागरण व छापामार अभियान चलाया गया है। गुरुवार सवेरे नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अतुल कुमार के नेतृत्व में स्थानीय रेलवे स्टेशन व रोडवेज बस स्टैंड पर वृहद स्तर पर सफाई अभियान चलाया, जिसमें पालिका टीम ने आम जनमानस ने साफ सफाई के लिए श्रमदान किया। साथ ही व्यापारियों और सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं को साथ लेकर शिव चौक और तुलसी पार्क में स्वच्छता शपथ ग्रहण कराई गई, लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक को त्यागने व स्वच्छता में सहयोग देने के लिए प्रेरित किया। वहीं तहसील मार्किट में भी दुकानदारों को कूड़ा करकट न फैलाने और अभियान में सहयोग के प्रति प्रेरित किया। एसबीएम डीपीएम सुशील कुमार ने नगर पालिका कन्या इंटर कॉलेज में स्टाफ व छात्राओं को स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए उन्हें अपने घर, मौहल्ले व नगर को स्वच्छ बनाने को जागरूक किया। अभियान में व्यापारी नेता कृष्ण गोपाल मित्तल, राकेश त्यागी, स. बलविन्दर सिंह सल, स. बलजीत सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अतुल कुमार, मुख्य सफाई निरीक्षक योगेश कुमार, सफाई निरीक्षक प्लाक्षा मैनवाल, एसबीएम लिपिक आकाश दीप, आईटीसी सुनहरा कल से दीपक सैनी, एमआईटूसी कंपनी के कुलदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

दोपहर बाद में टीएस नरेश शिवालिया के नेतृत्व में भगत सिंह रोड पर प्लास्टिक-पॉलीथिन के विरुद्ध छापामार अभियान चलाया गया। इस बीच शिवचौक से शामली बस स्टैण्ड तक टीम ने व्यापारियों को अतिक्रमण हटाने के निर्देश देने के साथ सड़क पर अवैध रूप से अतिक्रमण आरोपी 3 व्यापारियों से तीन हजार रुपये जुर्माना मौके पर वसूलते हुए उन्हें चेतावनी दी गई। इसके साथ तीन दुकानदारों के यहां पर प्रतिबंधित पॉलीथिन की बिक्री पकड़े जाने पर डेढ़ किग्रा पॉलीथिन जब्त करते हुए साढ़े 6 हजार रुपए जुर्माना मौके पर ही वसूल किया। टीम के क्षेत्र में पहुंचते ही हड़कंप मच गया और कई दुकानदार दुकानों को बंद कर भाग गये। इस दौरान राजस्व निरीक्षक विजय कुमार, एसबीएम लिपिक आकाशदीप, बीसी विकास शर्मा, शोभित कुमार आदि मौजूद रहे।

हर वर्ग को रोजगार से जोड़ने का काम कर रही सरकार : असीम अरुण

अमृत काल में सहभागिता कार्यक्रम में लाभार्थियों को बांटे प्रमाणपत्र

मुजफ्फरनगर, 19 सितंबर (बु.)। बाबा साहब ने सामाजिक न्याय को संविधान के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाया है, जिससे समाज के सभी वर्गों को अवसर की समानता प्राप्त हो। अब भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास की नीति पर काम कर रही है। हर वर्ग को रोजगार से जोड़ने का काम सरकार कर रही है, ताकि विषमता को दूर किया जा सके।

गुरुवार को समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) असीम अरुण ने कासमपुर खोला में स्थित भगवंत इन्टीटयूट (बिजनौर हाईवे) में अमृत काल में सहभागिता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ये बात कही। मंत्री असीम अरुण, कैबिनेट मंत्री विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग अनिल कुमार, जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल द्वारा द्वीप प्रज्जवलित कर इसका शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले के युवाओं को उद्यमिता के प्रति जागरूक करना और वित्तीय सहायता कैसे प्राप्त की जाए, इसकी जानकारी प्रदान करना था। मुख्य अतिथि असीम अरुण ने कहा कि विकास की राह में कोई पीछे न छूटे। उन्होंने कहा कि उप्र सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की नीति पर काम कर रही है। सरकार ने समाज के हर वर्ग को उद्यमिता से जोड़ते हुए रोजगारपरक बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं को शुरू किया है, ताकि समाज में आर्थिक विषमता न रहे। हम सब एक दूसरे की मदद कर आगे बढ़ने में योगदान दें। सरकार के समर्थन से आर्थिक सहायता बैंकों द्वारा मिलती है। कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने कहा कि पिछली सरकारों में योजनाएं सिर्फ कागजों तक ही सीमित रहती थीं। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान तक पहुंच रहा है। उन्होंने आम-जन रोजगारपरक योजनाओं की दी जानकारी। समाज कल्याण विभाग मुख्यालय से आये अधिकारियों ने कार्यक्रम के माध्यम से सरकार की रोजगारपरक योजनाओं की जानकारी जिले के युवाओं को प्रदान की। इस मौके पर बैंक, जिला उद्योग केंद्र, स्वास्थ्य, शिक्षा सहित अन्य विभाग के अधिकारियों ने नागरिकों को रोजगार व उद्यमिता के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में ऐसे सफल उद्यमियों ने भी हिस्सा लिया जिन्होंने सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर खुद को स्वावलंबी बनाते हुए दूसरों को भी रोजगार प्रदान किया है। इस मौके पर सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र भी वितरित किया गया। जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों को स्वीकृत पत्र, छात्रवृत्ति योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों को स्वीकृत पत्र, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा शादी अनुदान योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों को स्वीकृत पत्र, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अन्तर्गत लाभार्थियो को सांकेतिक चाबी सौपी गई। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत लाभार्थी को 10 लाख का चैक वितरित किया गया। अतिथियों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने आश्वस्त किया कि हम भविष्य में आपके इस विजन को सार्थक करने का पूरा प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में सुधीर सैनी, जिला अध्यक्ष बीजेपी, संदीप मलिक जिला अध्यक्ष रालोद, अजय सागर जिला अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा बीजेपी, मुख्य विकास अधिकारी संदीप भागिया, अपर जिलाधिकारी वित्त गजेन्द्र कुमार, समाज कल्याण अधिकारी विनीत मलिक सहित जिला प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे।

ठाकुरद्वारा के घर में चल रहा था जुआघर, पांच पकड़े, तीन फरार

मुजफ्फरनगर, 19 सितंबर (बु.)। घर को जुए के लिए किराए पर देकर जुआ खिलवा रहे ठाकुर द्वारा निवासी व्यक्ति सहित पांच लोगों को पुलिस ने घर में जुआ खेलते हुये गिरफ्तार किया है। तीन लोग फरार हो गए। खालापार पुलिस द्वारा ठाकुर द्वारा निवासी राजेश के मकान पर दबिश देकर नकीब पुत्र यूसुफ निवासी किदवईनगर थाना खालापार, राजेश कुमार पुत्र रमेश चन्द्र निवासी ठाकुरद्वारा अबुपुरा, सुनील कुमार पुत्र राजेश कुमार निवासी बरवाला थाना शाहपुर, समुन पुत्र अलाउद्दीन निवासी ग्राम नरा थाना मन्सूरपुर और विक्रान्त पुत्र जगत सिंह निवासी अलमासपुर थाना नई मण्डी को जुआ खेलते समय अभियुक्त राजेश के मकान से गिरफ्तार किया गया है। उनके कब्जे से कुल 38600 रुपये व 97 ताश के पत्ते तथा चार फोन व दो मोटरसाईकिल बरामद की गई है। पुलिस छापे के दौरान मौके से तहसीम निवासी कूकडा, लाला और विक्रम निवासीगण बागोवाली फरार हो गए। गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि राजेश अपने घर में प्रतिदिन 2000 रुपए व कमीशन पर जुआ खिलाता था।

मोबाइल टावर से उपकरण चोरी करने वाले छह अभियोगों का सफल अनावरण

दस सदस्यों को किया गया गिरफ्तार, 40 हजार की नगदी, सात बैट्रे सहित अन्य सामान बरामद

मुजफ्फरनगर, 19 सितम्बर (बु.)। गुरूवार को प्रेस वार्ता करते हुए एसपी देहात आदित्य बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि बुढ़ाना थाना प्रभारी आनंद देव मिश्रा ने अपनी टीम के साथ टावर से उपकरण चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के सदस्यों को पकड़ा है। उन्होंने बताया कि बडौत बुढ़ाना मार्ग पर बड़कता पुलिया से उक्त लोगों को गिरफ्तार किया गया। उक्त घटना के सम्बंध में बुढ़ाना थाने में ही मोबाइल टावर से उपकरण चोरी के मामले में जब आरोपियों की तलाश शुरू की गई, तो उक्त सभी आरोपी पकड़ में आये। पकड़ में आने के बाद गैंग में पकड़े गये दस लोगों ने अलग अलग जानकारी देते हुए बताया कि वे चोरी की घटना को तो रात में अंजाम देते थे, मगर उससे पहले दिन में ही रेकी कर लिया करते थे। उक्त गिरोह में मुजफ्फरनगर ही नहीं, बल्कि मेरठ, दिल्ली, शामली, बलरामपुर के सदस्य तक मौजूद हैं। उक्त सभी आरोपियों से 40 हजार रुपये नगद चार तमंचे, दो कार, सात मोबाइल टावर की बैट्री, दो बीटीएस कार्ड, चार पावर सप्लाई व अन्य सामान बरामद किये गये। पूछताछ के बाद आरोपियों का चालान कर दिया गया और आरोपियों ने स्वीकार किया है कि वे विभिन्न जनपदों से उपकरण चोरी किया करते थे। चोरी करने वालों में इस्तकार सैफी निवासी दुल्हैरा, आशीष निवासी थाना भौराकला, रवि निवासी शामली, मनीष रघुवंशी निवासी शाहपुर, कमल नैन मौर्य निवासी बलरामपुर, फरीद निवासी थाना लोहियानगर मेरठ, अक्षय बालियान निवासी शाहपुर, इमरान निवासी लिसाढ़ी गेट थाना, दीपक निवासी भौराकलां व साजिद निवासी मेरठ शामिल हैं।

दो अलग-अलग मुठभेड़ों में पांच कुख्यात बदमाशों को किया गिरफ्तार

खतौली, 19 सितम्बर (बु.)। कोतवाली पुलिस ने नवनियुक्त प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में बीती रात दो अलग-अलग मुठभेडों में पांच कुख्यात बदमाशों को गिरफ्तार कर उनसे तमंचे, कारतूस सहित वाहन बरामद करने में सफलता प्राप्त की है।

बीती रात दिल्ली की स्पेशल सेल टीम सहित मेरठ की एसटीएफ टीम हत्या व हत्या के प्रयास के एक अभियोग को लेकर हाशिम बाबा गैंग के दो शातिर गुर्गों का पीछा कर रही थी। दोनों बदमाशों का पीछा कर रही पुलिस टीम द्वारा मदद के लिए रात्रि में खतौली कोतवाली पुलिस को सूचित किया गया, जिसको लेकर नेशनल हाइवे पर दिल्ली व मेरठ एसटीएफ टीम के अलावा खतौली कोतवाली पुलिस भी बदमाशों की घेराबंदी में जुट गयी तथा हाइवे पर संदिग्ध वाहनों की चैकिंग व तलाशी अभियान शुरू कर दिया। इस दौरान एक संदिग्ध कार को जब हाइवे स्थित गांव भैंसी कट के पास पुलिस द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो अपने को पुलिस से घिरा देखकर कार सवारों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी, जिसके जवाब में पुलिस द्वारा भी अपना बचाव करते हुए फायरिंग शुरू की। दोनों ओर से हुई फायरिंग में कार में सवार दो बदमाश गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस द्वारा घायलों को गिरफ्तार कर तत्काल उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्तों से अवैध शस्त्रों सहित चोरी की एक कार भी बरामद की गयी है। घायल बदमाशों में अनस खान पुत्र अफसर खान व असद अमीन पुत्र बाबूदीन निवासीगण चौहान बांगर दिल्ली बताया गया है। सीओ रामाशीष यादव व कोतवाली प्रभारी बृजेश शर्मा के अनुसार गिराफ्तार दोनों बदमाश जेल में बंद हाशिम बाबा के करीबी बताए गए हैं, जो गत दिनों दिल्ली में जिम मालिक नादिर शाह हत्याकाण्ड में शामिल हैं। उन्होंने बताया कि हाशिम बाबा जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के लिए कार्य करता है तथा नादिर शाह की हत्या में लॉरेंस बिश्नोई व हाशिम बाबा का हाथ था। पुलिस के कथनानुसार दिल्ली ग्रेटर कैलाश पार्ट वन में जिम मालिक नादिर शाह से पांच करोड की रंगदारी मांगी गयी थी, जिसकी शिकायत जिम मालिक द्वारा दिल्ली पुलिस से किये जाने पर जिम मालिक नादिर शाह की हत्या कर दी थी। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों पर विभिन्न थानों में अनेक मुकदमें दर्ज हैं। गिरफ्तार करने वालों में कोतवाली प्रभारी बृजेश शर्मा, उपनिरीक्षक नंद किशोर शर्मा सहित तेजवीर सिंह, अनिल कुमार व दिल्ली तथा मेरठ एसटीएफ टीम के पुलिसकर्मी शामिल थे। वहीं दूसरी ओर सीओ रामाशीष यादव व कोतवाली प्रभारी बृजेश शर्मा के नेतृत्व में उपनिरीक्षक शिवकुमार शर्मा, देवा सिंह व विक्रान्त कुमार के साथ घनेश नागर, बहादुर सिंह, अंकितवर्धन तथा डोरी लाल पुलिस टीम जानसठ रोड स्थित गांव पलड़ी तिराहा पर वाहन चैकिंग अभियान के दौरान एक बाइक पर तीन व्यक्तियों सहित सवार एक बाइक को रुकने का इशारा करने पर बाइक सवारों ने बाइक को तेज गति से गांव पलड़ी मार्ग पर मोड़ दिया। बताया जाता है कि तेज गति होने के कारण असंतुलित हेकर बाइक के गिरने से बाइक सवारों ने अपना बचाव करते हुए पुलिस पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। अपना बचाव करते हुए पुलिस द्वारा की गयी जवाबी फायरिंग में पैरों में गोली लगने से तीन बदमाश घायल हो गए। तीनों घायलों को पुलिस द्वारा तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। सीओ रामाशीष यादव व कोतवाली प्रभारी बृजेश शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश गौतम पुत्र मंजीत सिंह, राहुल पुत्र उत्तम सिंह निवासी गांव गुलखेडी थाना बोड़ा, जनपद राजगुरू मध्य प्रदेश व राज पुत्र मनोज निवासी गांव मीरक्काबाद थाना मुंगावली जनपद अशोक नगर मध्यप्रदेश हैं। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों से 15 हजार रुपये की नकदी सहित तीन तमंचे, कारतूस, दो मोबाइल, एक बिना नम्बर प्लेट होण्डा साइन बाइक व आरसी व एक एटीएम कार्ड भी बरामद हुआ है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि तीनों बदमाशों के विरुद्ध विभिन्न थानों में लगभग एक दर्जन अभियोग दर्ज है।

ताजमहल के मुख्य गुंबद पर उगा पौधा, अखिलेश ने एक्स पर शेयर किया वीडियो

आगरा, 19 सितंबर (एजेंसी)। ताजमहल के संगमरमरी मुख्य गुंबद की दीवार पर पौधा उग आया, जिसका वीडियो एक पर्यटक ने सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। जो वायरल हो गया। अब इस वीडियो को अखिलेश यादव ने एक्स पर शेयर किया है। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा है कि विश्व भर के पर्यटकों को आकर्षित करने वाले ताजमहल के रखरखाव को भाजपा सरकार व उसके सुषुप्त निष्क्रिय विभाग पूरी तरह से नाकाम हैं। अखिलेश यादव ने लिखा है कि विश्व भर के पर्यटकों को आकर्षित करने वाले अजूबे 'ताजमहल' के रख-रखाव को लेकर भाजपा सरकार व उसके सुषुप्त निष्क्रिय विभाग पूरी तरह से नाकाम हैं। मुख्य गुंबद पर लगे कलश की धातु में जंग लगने की आशंका है। मुख्य गुंबद से पानी टपक रहा है। गुंबद में पेड़ उग आने का समाचार सुर्खियों में है।

शनिवार से काम पर लौटेंगे जूनियर डॉक्टर

कोलकाता, 19 सितंबर (एजेंसी)। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज-अस्पताल में दुष्कर्म-हत्या के बाद शुरू हुई डॉक्टरों की हड़ताल खत्म होने की खबर है। आक्रोशित जूनियर डॉक्टर शनिवार से काम पर लौटेंगे। जूनियर डॉक्टरों की घोषणा के बाद गतिरोध खत्म हो जाएगा। हालांकि, इसके बावजूद OPD बंद रहेगा। डॉक्टरों ने कहा है कि आपातकालीन सेवाएं बहाल होगी।

कलर प्रिंटर से छाप रहे थे पांच-पांच सौ के नोट

- छह गिरफ्तार, दो लाख 22 हजार रुपये के नकली नोट बरामद

हरिद्वार, 19 सितंबर (एजेंसी)। पुलिस ने घर में बैठकर कलर प्रिंटर के माध्यम से नकली नोट छापने का कारोबार करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 500-500 के 44 नकली नोट, कुल 22,000 रुपए बरामद किए हैं और इन नोटों को छापने में इस्तेमाल होने वाला कलर प्रिंटर, कागज, लेपटाप और मोबाइल फोन भी बरामद किए गया है। पूछताछ के बाद इस मामले में पुलिस ने दो और आरोपियों को देहरादून से गिरफ्तार किया। जिनके पास करीब दो लाख रुपए के नकली नोट मिले।

जानकारी के अनुसार, रानीपुर कोतवाली क्षेत्र में पुलिस चेकिंग कर रही थी। इस दौरान दो बाइकों पर सवार चार व्यक्तियों को रोका गया। तलाशी के दौरान उनके पास से 44 नकली नोट बरामद हुए। गिरफ्तार आरोपियों में सौरभ (थाना देवबंद, सहारनपुर), निखिल (थाना सरसावा, सहारनपुर), अनंतबीर (थाना बाबूगढ़, हापुड़) और नीरज (गांधी कॉलोनी, देवबंद) शामिल हैं। पूछताछ में पता चला कि उनके दो अन्य साथी मोहित और विशाल देहरादून के सुद्धोवाला में किराए के कमरे में लैपट